www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

06 सितंबर, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 317


खग्रास चंद्र ग्रहण कल भारत में रात 9.58 बजे से शुरू होगा















## सेना को मिलेंगे 2200 टैंक

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना को अगले 15 सालों में 2200 नये टैंक और 6 लाख गोले दिये जायेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को सेना के लिए 15 साल का रोड-मैप जारी किया।

मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस पर 'गुरुजी' को याद करते हुए किया भावुक पोस्ट

# 'मेरे शिक्षक-मार्गदर्शक हैं स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरु'



शिक्षक, जीवन को दिशा देने वाले दीपस्तंभ : हेमंत सोरेन

शिक्षकों को दी बधाई और शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हर खास मौके पर अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन की कमी को महसूस कर रहे हैं। वह अपनी भावना को सोशल मीडिया पर लिख कर व्यक्त कर रहे हैं। शुक्रवार को शिक्षक दिवस था। इस मौके पर हेमंत सोरेन का पिता के साथ छूटने का दर्द एक बार फिर निकल कर सामने आया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पिता शिबू सोरेन के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए, लिखा शिक्षक, जीवन को दिशा देने वाले दीपस्तंभ होते हैं। आज शिक्षक दिवस पर मैं सभी गुरुजनों और शिक्षकों को नमन करता हूं।

हेमंत सोरेन ने लिखा कि मेरे शिक्षक, मेरे मार्गदर्शक हैं, स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरुजी। स्नेह, संघर्ष, संवेदनशीलता और तटस्थता से भरा उनका जीवन मेरे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहा है। आज बाबा सशरीर साथ नहीं हैं, लेकिन उनकी सीख, उनके विचार और आदर्श हमेशा शक्ति प्रदान करते रहेंगे। शिक्षक दिवस पर सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें!



हेमंत सोरेन द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गयी तस्वीर।

## पछतावा या नया पैंतरा!

# हमने भारत को चीन के हाथों खो दिया: ट्रंप

- भारत और रूस का भविष्य अच्छा होने की कामना की
- एक दिन पहले कोर्ट में भारत पर टैरिफ लगाने को जरूरी बताया था

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। गुरुवार को कोर्ट में भारत पर टैरिफ लगाना जरूरी बताया। इसके दूसरे दिन शुक्रवार को एक नया बयान पोस्ट किया।

जिसमें भारत-रूस-चीन के बीच बढ़ती नजदीकी को लेकर बयान दिया है। यह बयान ट्रंप का पछतावा है या नया पैंतरा। यह तो भविष्य में पता चलेगा, फिलहाल इसे अलग-अलग नजरिये से देख जा रहा है। ट्रंप ने आशंका जतायी है कि रूस और भारत अब चीन के पाले में जा चुके हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक साथ वाली तस्वीर भी साझा की है।





ट्रंप द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गयी तस्वीर।

### एससीओ की तस्वीर वायरल होने के बाद ट्रंप ने किया पोस्ट

दरअसल हाल ही में चीन के तियानजिन में आयोजित एससीओ बैठक में नरेंद्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की तिकड़ी की खूब चर्चा हुई। तीनों नेताओं एक-दूसरे से बात करते हुए दिखायी दिये। तीनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। माना जा रहा है कि इन्हीं सब को देखते हुए ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। ट्रंप ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा।

### यूएस कोर्ट में चल रही मामले की सुनवाई

भारत पर 50% टैरिफ लगाने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गये हैं। भारत समेत बाकी देशों पर हाई टैरिफ लगाने के मामला की सुनवाई यूएस कोर्ट में चल रही है। ट्रंप ने गुरुवार को कोर्ट में भारत पर टैरिफ लगाने को जरूरी बताया था। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान होगा।

# धनबाद के कतरास में दो हादसे में पांच की मौत

भू-धंसान से आधा दर्जन घर जमींदोज, मवेशी, नगदी और जेवर गोफ में समाये

सर्विस वैन 400 फीट खाई में गिरी, चालक समेत पांच लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/कतरास।** अंबे माइनिंग आउटसोर्सिंग कंपनी की लापरवाही के कारण शुक्रवार को रामकनाली ओपी क्षेत्र में दिल दहला देने वाली दो बड़ी घटना घटित हुई। पहली घटना कुम्हार पट्टी में भू धंसान होने से चार घर और कई मवेसी सहित लोगों के कीमती सामान जमीदोजद हो गये। लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। लोग अपने घरों से भागने शुरू कर दिये। सूचना पाकर ओपी प्रभारी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटे। वहीं दूसरी ओर अंबे माइनिंग आउटसोर्सिंग की सर्विस वैन स्लाइड कर करीब 400 फिट गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें चालक सहित पांच कर्मी सवार थे। सभी की घटनास्थल पर मौत हो गयी। मामले की जानकारी मिलते ही बीसीसीएल के आला अधिकारी कतरास, अंगार पथरा, रामकनाली सहित कई थानों की पुलिस, सीआइएसएफ और जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे। बीसीसीसीएल की रेस्क्यू टीम ने वैन सहित तीन शवों को बाहर निकाला। घटना के बारे में पुलिस और अधिकारी कुछ बोलने से इनकार कर दिया।

**आउटसोर्सिंग कंपनी की लापरवाही से हुई घटना:** प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी ने कोयला खनन के दौरान खदान सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया। डीजीएमएस के अनुसार, खदान की दीवारों को सीढ़ीनुमा (बेंचनुमा) बनाना अनिवार्य होता है, जिससे जमीन धंसने का खतरा कम हो जाता है। लेकिन कंपनी ने दीवारें सीधी रखीं, जिससे लैंडस्लाइड हुई।

**स्थानीय प्रशासन सतर्क, जांच के आदेश:** हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिये हैं। बीसीसीएल और डीजीएमएस की टीम मौके पर पहुंचकर तकनीकी जांच कर रही है। मजदूरों की सुरक्षा को लेकर आउटसोर्सिंग कंपनियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने खनन कंपनियों की लापरवाही पर नाराजगी जतायी है और मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।



### राहत और बचाव में हुई देरी

घटना की सूचना मिलने के बाद बीसीसीएल के अधिकारी, सुरक्षा विभाग की टीम और रेस्क्यू दल सहित कतरास थाना, रामकनाली ओपी और अंगारपथरा ओपी की पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। फिर खाई में गिरी वैन को बाहर निकालने और मजदूरों की तलाश शुरू किया गया। हलांकि इसके पहले दो महिला पुरुष को चाल में दबे और चिल्लाते हुए देखा गया। रेस्क्यू टीम देर से आने और बचाव कार्य में देरी होने के कारण महिला-पुरुष दोनों की मौत हो गयी।

# देवघर में चोरी का विरोध करने पर वृद्धा की हत्या

## बाहर के कमरे में सो रही थी महिला, सिर पर चोट के निशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर में चोरी का विरोध करने पर चोरों ने 81 वर्षीय वृद्धा की हत्या कर दी। घटना गुरुवार की देर रात रिखिया थाना क्षेत्र के फतेपुर गांव की है। घर से कई सामान भी गायब मिले हैं। परिजनों के अनुसार, घर से करीब चार लाख रुपये की संपत्ति की चोरी हुई है। मृतका की पहचान कमली देवी के रूप में हुई है। घटना के वक्त कमली देवी घर के बाहरी कमरे में सो रही थी।

**कमरे में लगा ताला टूटा मिला:** मृतका के पौत्र संदीप कुमार रावत ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद सभी सो गये थे। सुबह जब हम लोग नींद से जागे, तो देखा कि कमरे में लगा ताला टूटा हुआ है। साथ ही कई सामान बिखरे मिले। बॉक्स खाली पड़ा था। बगल कमरे में सो रही दादी बिस्तर से नीचे जमीन पर खून से लथपथ हालत में गिरी मिलीं। उस समय उनकी सांसें चल रही थीं। परिजन तुरंत कमली देवी को कुंडा के एक निजी अस्पताल ले गये। वहां डॉक्टर नहीं मिलने पर देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### किसी भारी वस्तु से वार किया गया

संदीप के अनुसार चोरों ने घर में प्रवेश किया और दादी के विरोध करने पर उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया है। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इधर, रिखिया थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# देवघर की शिक्षिका श्वेता शर्मा को मिला राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित, देश के 45 शिक्षकों को मिला पुरस्कार

अजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** देवघर की शिक्षिका श्वेता शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 प्राप्त कर पूरे झारखंड का मान बढ़ाया है। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने देश के 45 शिक्षकों को सम्मानित किया। इनमें से एक झारखंड के देवघर की श्वेता शर्मा भी हैं। इस पुरस्कार के तहत उन्हें 50,000 रुपये की नकद राशि, रजत पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी मौजूद रहे।



**शिक्षण शैली और नवाचारों के लिए पुरस्कृत हुईं:** चयन प्रक्रिया में श्वेता ने सात मिनट की प्रस्तुति में अपनी शिक्षण शैली और नवाचारों को जूरी के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। जूरी ने उनकी प्राथमिक कक्षाओं में खेल-आधारित शिक्षण और अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की क्षमता की विशेष सराहना की। श्वेता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि बच्चों को जीवन के लिए तैयार करने का माध्यम है।

### नवाचार और समर्पण का प्रतीक हैं श्वेता शर्मा

देवघर के विवेकानंद राजकीय मध्य विद्यालय में कार्यरत श्वेता शर्मा ने अपनी अनूठी शिक्षण शैली से न केवल बच्चों का दिल जीता, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनायी। 21 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय श्वेता ने अपनी रचनात्मक तरीके 'अबुआ जादुई पिटारा' के जरिये बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने का नया आयाम स्थापित किया। इस पिटारे में सोहराई चित्रकला, पारंपरिक वाद्ययंत्र, और स्थानीय संस्कृति से जुड़े तत्व शामिल हैं, जो बच्चों को उनकी जड़ों से जोड़ते हुए पढ़ाई को रोचक बनाते हैं।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)




CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES

Programs Approved by AICTE & Apex Bodies

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26

Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)

Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering

Faculty of Law
- LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B

Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)

Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)

Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)

Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
- M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
- M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)

Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)

Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)

Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry

Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)

Paramedical
- OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser

Library Science
- B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc

Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemistry) ▪ B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)

Faculty of Commerce
- B.Com ▪ M.Com

TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE

Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493

Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/






# रागिनी बनाम पूर्णिमा : नीरज सिंह हत्याकांड में अदालत के फैसले के बाद अब न्याय और राजनीति की जंग होगी और तेज

सुनील भंडारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद की राजनीति एक बार फिर उबाल पर है। नीरज सिंह हत्याकांड में निचली अदालत से पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह समेत सभी आरोपितों की बरी होने के बाद अब यह मामला सिर्फ अदालती नहीं, बल्कि पूरी तरह से राजनीतिक भी हो गया है। इस फैसले के साथ ही कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा नीरज सिंह और भाजपा विधायक रागिनी सिंह के बीच वर्षों से चल रही सियासी और पारिवारिक जंग एक नये मोड़ पर पहुंच गयी है।




## जिन्होंने गोली चलायी, वे कौन थे : पूर्णिमा

पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने अदालत के फैसले को अन्यायपूर्ण बताते हुए जस्टिस फॉर नीरज अभियान की शुरूआत की है। जिस स्थान पर 2017 में उनके पति नीरज सिंह और उनके तीन सहयोगियों की सरेआम गोली मारकर हत्या की गयी थी, वहीं स्टील गेट पर उन्होंने मोमबत्ती जलाकर न्याय की मशाल उठायी।

पूर्णिमा ने भावुक होते हुए कहा, चार लोगों की नृशंस हत्या के बाद अदालत कहती है कि किसी ने नहीं मारा? फिर मारे किसने? अगर आज हम चुप हो गये तो कल किसी और की बारी होगी। हम हाइकोर्ट और जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट तक जायेंगे। हत्यारों को फांसी के फंदे तक पहुंचा कर ही दम लेंगे।

## रागिनी सिंह का पलटवार: कानूनी लड़ाई अब भी बाकी है

वहीं अदालत के फैसले के बाद झरिया की भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने संजीव सिंह की रिहाई पर जश्न मनाते हुए इसे न्याय की जीत बताया। रागिनी ने कहा कि आठ साल पांच महीने तक एक निर्दोष व्यक्ति को सलाखों के पीछे रखने वालों को हिसाब देना होगा। जिन लोगों ने राजनीतिक साजिश के तहत हमारे परिवार को बदनाम किया, अब हम उनसे कानून के दायरे में जवाब मांगेंगे।

रागिनी ने यह भी कहा कि उनका परिवार न्यायपालिका में पूरी आस्था रखता है और यदि किसी को अदालत के फैसले पर आपत्ति है तो वह उच्च अदालत जा सकता है।

## 2017 की वह भयावह शाम, जिसने धनबाद को झकझोर दिया था

21 मार्च 2017 की शाम झरिया के स्टील गेट पर गोलीबारी की वह घटना आज भी धनबाद के लोगों की स्मृति में ताजा है। कांग्रेस नेता और पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह, उनके अंगरक्षक, चालक और पीए को गोलियों से भून दिया गया था। आरोप सीधे तौर पर नीरज के चचेरे भाई और तत्कालीन भाजपा विधायक संजीव सिंह पर लगे। घटना के बाद संजीव सिंह ने आत्मसमर्पण किया और करीब आठ साल जेल में रहे।

## राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की लंबी फेहरिस्त





इस हत्याकांड ने दो महिलाओं–पूर्णिमा और रागिनी के बीच ऐसी राजनीतिक लड़ाई की नींव रखी, जिसकी मिसाल पूरे झारखंड में कम ही देखने को मिलती है। 2019 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पूर्णिमा सिंह ने भाजपा की रागिनी सिंह को हराया। 2024 के चुनाव में रागिनी सिंह ने जोरदार वापसी करते हुए पूर्णिमा को शिकस्त दी और झरिया सीट भाजपा के पाले में लौटी।

अब जब अदालत ने संजीव सिंह को बरी कर दिया है, यह जंग केवल चुनावी नहीं, बल्कि न्याय बनाम साजिश के विमर्श में बदल चुकी है।

## कोयलांचल की राजनीति और 'हत्या की विरासत'

धनबाद, विशेषकर झरिया क्षेत्र, लंबे समय से राजनीतिक हत्याओं का गवाह रहा है। लेकिन नीरज सिंह हत्याकांड कोयलांचल का अब तक का सबसे बड़ा और सनसनीखेज मामला माना गया। कोर्ट का ताजा फैसला इस अधूरे न्याय की बहस को फिर हवा दे रहा है।

## क्या आगे बढ़ेगी सीबीआइ जांच की मांग?

पूर्णिमा सिंह लगातार सीबीआइ जांच की मांग करती रही हैं। उनका आरोप है कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने राजनीतिक दबाव में उनकी मांग नहीं मानी। अब जबकि न्याय की तलाश फिर से तेज हो गयी है, इस बात की भी प्रबल संभावना है कि वह इस मामले को राष्ट्रीय पटल तक ले जायें।

## न्याय और राजनीति की दो राहें, लेकिन मंज़िल एक-जीत का दावा

एक तरफ पूर्णिमा नीरज सिंह हैं, जो न्याय के नाम पर आंदोलन और जनसमर्थन जुटा रही हैं। दूसरी तरफ रागिनी सिंह हैं, जो कानूनी जीत को अपनी राजनीतिक पूंजी में बदलने को तैयार दिख रही हैं।

धनबाद का अगला चुनावी संग्राम अब केवल विकास, रोजगार और बिजली-पानी के मुद्दों पर नहीं, बल्कि कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ? जैसे सवालों पर लड़ा जायेगा। झरिया की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह पर अधिवक्ता वकार यूनुस ने धनबाद कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। अधिवक्ता यूनुस का आरोप है कि दिनांक 1 सितंबर को संध्या 6:00 बजे से 7:30 बजे के बीच पूर्णिमा सिंह ने मीडिया को संबोधित करते न्यायपालिका एवं न्यायाधीश के संबंध में आपत्तिजनक और अनुचित भाषा का प्रयोग किया। उनका कहना है कि यदि पूर्णिमा सिंह न्यायालय के किसी निर्णय से असंतुष्ट थीं, तो उन्हें विधिसम्मत तरीके से उच्चतर न्यायालय में अपील करनी चाहिए थी, न कि सार्वजनिक मंच से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों का प्रयोग करना चाहिए था।

झरिया के चर्चित नीरज सिंह हत्याकांड के कुछ दिन पहले रंजय सिंह की हत्या के बाद नीरज हत्याकांड की योजना बनायी गयी थी।

कयास लगाये जा रहे हैं कि रंजय के भाई, संजय सिंह ने ही नीरज सिंह की हत्या की योजना बनायी थी। रंजय सिंह पूर्व विधायक संजीव सिंह के करीबी माने जाते थे, और यह घटना रघुकुल आवास के पास हुई थी। इस हत्या का आरोप सीधे तौर पर हर्ष सिंह पर लगा था।

बताया जाता है कि रंजय सिंह और हर्ष सिंह के बीच दुश्मनी धनबाद के कोयला नगर कार्यालय से शुरू हुई थी, जहां दोनों ने एक-दूसरे से देख लेने की धमकी दी थी। इस तनाव के बाद ही झरिया निवासी रंजय सिंह की हत्या अपराधियों ने कर दी थी। सूत्रों के मुताबिक, रंजय सिंह अपनी स्कूटी पर सवार होकर बिग बाजार की ओर जा रहे थे, तभी शाम 5 बजे के आसपास उनकी निर्मम हत्या कर दी गयी थी।


# आदिवासी बहुल गांवों के विकास के दावों की पोल खोल रहे हैं तोरपा के कई गांव

**बिजली, सड़क, पानी, चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाओं से महरूम हैं आदिवासी**

**बरसात के दिनों में चार महीने टापू बन जाते हैं कई गांव, बच्चे स्कूल नहीं जा पाते**

अनिल मिश्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अधिकारी चाहे आदिवासियों और आदिवासी बहुल गांवों के विकास के कितने ही दावे कर लें, पर गांवों की जमीनी सच्चाई इससे इतर नजर आती है। आजादी के 78 वर्षों के बाद भी सुदूर दुर्गम पर्वतीय इलाकों के गांवों की न तो तस्वीर बदली है और न ही गांव वालों की तकदीर। खूंटी जिले के सैकड़ों गांव अधिकारियों के दावों की पोल खोल रहे हैं। आज भी ऐसे गांव हैं, जहां के लोग बिजली, सड़क, पानी, चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाओं से महरूम हैं। आदिवासियों और उनके गांवों के विकास के लिए हर साल करोड़ों रुपये बहाये जाते हैं, पर इसका कितना लाभ उन्हें मिल रहा है और गांव वालों का दर्द क्या है, इसे देखने और समझने वाला कोई नहीं है। उदाहरण के तौर पर हम तोरपा प्रखंड के एक पिछड़े गांव को ले सकते हैं। तोरपा प्रखंड के सबसे अंतिम छोर और पश्चिमी सिंहभूम की सीमा पर बसे हैं सींढीं टापू टोला और सींढीं गिरजाटोला। इन दोनों टोलों में लगभग दस परिवार रहते हैं। दोनों गांव दो तरफ से नदियों से तो दो ओर पहाड़ों से घिरे हैं। गांव में जाने के लिए कोई सड़क नहीं हैं। गांव तक पहुंचने के लिए पंगडंडी के सहारे पैदल पांव चलना पड़ता है। किसी के बीमार होने पर एंबुलेंस तक गांव में नहीं पहुंच पाती। गांव के लोग मरीज को खाट पर ढोकर तोरपा या खूंटी के अस्पताल तक ले जाते हैं। सालों भर दोनों टोलों के लोग आवागमन की समस्या से जूझते रहते हैं। लोग ऊंची-नीची पगडंडियों से होकर आना-जाना करते हैं। कारो व बनई नदी में पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है। पुल न होने का दर्द मरीजों के चेहरे और उनके स्वजनों पर तो नजर आता ही है, सबसे विकट समस्या गर्भवती महिलाओं को झेलनी पड़ती है। वाहनों के लिए रास्ता न होने के कारण उन्हें खाट पर लादकर अस्पताल पहुंचाया जाता है, जो कभी-कभी उनके लिए जानलेवा साबित होता है। अधिक परेशानी होने पर घर में ही महिला का प्रसव कराया जाता है।



## बारिश में चार महीने बच्चे स्कूल नहीं जाते

नदियों पर पुल न होने का सबसे अधिक कष्ट छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को होता है। बरसात के मौसम में चार महीने तक बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। बरसात में दोनों गांव चार महीनों तक टापू बना रहता है। चार महीने टापू के रूप में तब्दील होने के कारण ही संभवतः गांव का नामकरण सींढीं टापू टोला किया गया है। बरसात के दिनों में लोग गांव से बाहर नहीं निकल पाते हैं। बरसात के दिनों में नदियां अपने रौद्र रूप में रहती हैं, जिसे पार करना असंभव होता है। गांव के लोग बताते हैं कि हर साल बरसात के मौसम में यही स्थिति रहती है। पहले से ही पूरे बरसात के लिए गांव वाले राशन, पानी जमा करके रखते हैं, ताकि खाने-पीने की दिक्कत न हो। चावल, दाल, नमक, तेल, आलू, सोयाबीन बड़ी, साबुन, जरूरी दवा आदि का स्टॉक रख लेते हैं।

## तीन दिन तक गांव नहीं लौट पाये थे तीन परिवार

एक सप्ताह पूर्व नदी में बाढ़ आ जाने के कारण टापू टोला के तीन परिवार के आठ लोग तीन दिनों तक गांव नही लौट पाये थे। इस गांव के लोगों का खेत नदी के पार में है। तीनों परिवार के लोग खेती करने सुबह में गये हुए थे। तभी मूसलाधार बारिश होने लगी। दोपहर बाद खेती-बारी का काम खत्म कर वापस गांव जाने के लिए निकले। तभी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। ग्रामीणों को लौटकर दूसरे गांव में शरण लेनी पड़ी थी।

सीढ़ीं गिरजाटोली और टापू टोली के लोग वर्षों से बनई और कारो नदी पर पुल बनाने की मांग करते आ रहे हैं, पर आजादी के 78 वर्ष बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी। पुल के लिए कई बार सरकारी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा गया, पर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। अपनी उपेक्षा से गांव के लोग आहत हैं। ग्रामसभा में एक स्वर से अधिकारियों से बनई नदी में पुल बनवाने व गांव तक जाने के लिए सड़क बनवाने की मांग की गयी।

## क्या कहते हैं ग्रामीण?

ग्रामीण आनंद मसीह बोदरा का कहना है कि ग्रामसभा में एक स्वर से अधिकारियों से बनई नदी पर पुल बनवाने व गांव तक जाने के लिए सड़क बनवाने की मांग की गयी। लेकिन अबतक कोई सुनवाई नहीं हुई।

लोगों को सालों भर नदी पार करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात में महिलाओं व बच्चों को ज्यादा परेशानी होती है। बीमार पड़ने पर भगवान भरोसे रहना पड़ता है। इस नदी पर पुल बनाना बहुत जरूरी है।

ग्रामीण जसुदा बोदरा ने कहा कि सदियों से उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। गांव तक जाने के लिए न सड़क है और न पुल।

बीमार होने पर एबुलेंस भी गांव तक नही पहुंच पाती है। पता नहीं सरकार कब हमारी सुधि लेगी।

पावल बरजो ने बताया कि टापू टोला गांव तक जाने के लिए बनई नदी तथा कारो नदी पार करना पड़ता है। दोनों नदियों पर पुल नहीं है। बरसात के दिनों में गांव में कैद होकर रहना पड़ता है। काफी परेशानी होती है।

बसंत गुडिया ने बताया कि यह समस्या कोई नई नहीं है। हर वर्ष बरसात में गांव टापू बन जाता है। परेशानी तब और होती है जब कोई बीमार पड़ जाये। एहतियात के तौर पर सामान्य दवाइयां घर में रख लेते हैं। बाकि भगवान भरोसे छोड़ देते हैं।

सलीम बोदरा ने कहा कि गांव तक जाने के लिए न सड़क है न पुल। पगडंडियों के सहारे आने-जाने में काफी परेशानी होती है। बरसात के दिनों में तो साइकिल चलाना भी मुश्किल होता है। सड़क और पुल बनना बहुत जरूरी है।

ग्रामीण असरिता बोदरा ने बताया कि बरसात के दिनों में चार महीना बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। बच्चे गांव में खेलकूद करके समय बिताते हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। सरकार को जल्द इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## बीडीओ का समस्या के समाधान का आश्वासन

दोनों गांवों की इस समस्या के संबंध में पूछे जाने पर तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि यह उनके संज्ञान में है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से पत्राचार किया गया है। समस्या के जल्द समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

# चर्चा: भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में ये चेहरे आगे









आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के राजनीतिक गलियारों में यह सवाल फिर से उठ रहा है कि बीजेपी को उसका राष्ट्रीय अध्यक्ष कब मिलेगा। इस बात की चर्चा तेज है कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद ही पार्टी अपने अध्यक्ष का एलान करेगी लेकिन सवाल यह है कि पार्टी किस नेता को अध्यक्ष बनायेगी, इसे लेकर तमाम नाम पिछले कई महीनों में मीडिया में सामने आ चुके हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस का नाम सबसे आगे चल रहा है। फड़नवीस के अलावा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी इस पद के दावेदारों की दौड़ में शामिल हैं। यह सवाल भी लगातार उठ रहा है कि आखिर बीजेपी जिसे कार्यकर्ता आधारित पार्टी माना जाता है उसे अध्यक्ष का चयन करने में इतना वक्त क्यों लग रहा है। राजनीति में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण काफी मायने रखते हैं। इसलिए बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन में काफी फूंक-फूंककर कदम रख रही है और माना जा रहा है कि इस मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राय भी काफी अहम होगी। मीडिया में आयी खबरों के मुताबिक, फड़नवीस को बिहार विधानसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए कहा जा सकता है। फड़नवीस इस पद के लिए अपेक्षाकृत युवा हैं और उन्हें आरएसएस के साथ ही पार्टी नेतृत्व का समर्थन भी हासिल है। फड़नवीस ब्राह्मण समुदाय से आते हैं। पुरुषोत्तम रुपाला गुजरात की राजकोट सीट से सांसद हैं। वह मोदी सरकार में मंत्री रह चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी माने जाते हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और धर्मेंद्र प्रधान के नाम की भी जबरदस्त चर्चा चल रही है। चौहान लंबे वक्त तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। चौहान और धर्मेंद्र प्रधान दोनों ही ओबीसी वर्ग से आते हैं। बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव का मामला काफी लंबा खिंच चुका है और अब भी इस सवाल का जवाब नहीं मिल पा रहा है कि पार्टी इस बारे में फैसला लेने में कितना और वक्त लेगी? मौजूदा वक्त में जेपी नड्डा पार्टी अध्यक्ष की भूमिका में हैं और वह मोदी सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय संभाल रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.1°c | 22.4°c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.32 बजे |



# 28 वर्षों के बाद भी किसी और की आंखों से रोशन है स्नेहलता की जिंदगी

## डॉ. बीपी कश्यप और डॉ. भारती कश्यप ने कॉर्निया प्रत्यारोपण कर मुझे नया जीवन दिया : स्नेहलता

**मेरी कॉर्निया इतनी सफेद हो गयी थी, शादी होने में परेशानी होने लगी थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कॉर्निया प्रत्यारोपित मरीज स्नेहलता ने कहा कि 28 वर्षों पहले जिनकी आंखों से मेरी जिंदगी रोशन हुई उनका मैं सत-सत नमन करती हूं। जब मैं छोटी सी बच्ची थी, 10 साल की थी, उस समय मेरी आंखों में ट्यूबलाइट की रोशनी में पढ़ते-पढ़ते मेरी आंख में एक कीड़ा चला गया था। जिसपर मैंने अपनी आंखों को जोर से मसल दिया, उसके बाद फिर मुझे समझ में नहीं आया, मैं काफी छोटी थी। उस समय मैं जसपुर में रहती थी, बाद में मैंने देखा कि मेरी आंखें लाल हो गयी हैं और फिर धीरे-धीरे मेरी आंखों के सामने का जो काला भाग है, जिसे कॉर्निया कहते हैं वह सफेद होने लगा। मैंने बहुत से डॉक्टर्स को दिखलाया लेकिन मेरी पुतली की सफेदी गयी नहीं।



28 वर्ष पहले हुए कॉर्निया प्रत्यरोपण से लाभांवित हुई महिला के साथ डॉ. बीपी कश्यप और डॉ. भारती कश्यप।

उस समय संयुक्त बिहार-झारखंड का पहला नेत्र प्रत्यारोपण वर्ष 1996 में रांची में डॉ. बीपी कश्यप और डॉ. भारती कश्यप के द्वारा हुआ था और जिसका मीडिया में बहुत प्रचार हुआ था, जिसके माध्यम से मुझे पता चला कि कश्यप मेमोरियल आइ हॉस्पिटल, रांची में कॉर्निया प्रत्यारोपण यानि कि पुतली बदलने का ऑपरेशन शुरू हो गया है। यह पता चलते ही मैं छत्तीसगढ़ से रांची आयी। इसके बाद मैंने कश्यप मेमोरियल आइ बैंक में अपने आंख की पुतली बदलने के लिए अपना पंजीकरण करवाया। फिर कुछ ही महीनों के इंतजार के बाद डॉ भारती कश्यप ने मुझे कॉल कर-के बुलाया और यहां पर डॉ बीपी कश्यप और डॉ भारती कश्यप ने मेरे आंख की पुतली बदली और मुझे फिर से सबकुछ पहले जैसा दिखायी देने लगा।

मेरी आंखों का कॉर्निया प्रत्यारोपण/चेंज होने के बाद ही मेरी शादी हो पायी, नहीं तो मेरी शादी ही नहीं होती।

क्योंकि मेरी कॉर्निया इतनी सफेद हो गयी थी, की फोटो में भी क्लियरली नजर आता था। नया-नया कार्निया प्रत्यारोपण शुरू हुआ था, मीडिया के माध्यम से ही मुझे जानकारी मिली था और हम छत्तीसगढ़ से इलाज के लिए रांची आये थे।

उस समय कॉर्निया को सुरक्षित रखने का लंबे समय तक सुरक्षित रखने का मीडियम नहीं आया था, तो उस समय जसपुर से रांची आने में 3:30 घंटे लगते थे जिसे हम ने 2 घंटो में पूरा किया और हॉस्पिटल आ गये, क्योंकि मात्र 24 घंटों के अंदर ही कॉर्निया प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पूरी करनी होती थी। कार्निया प्रत्यारोपण के बाद मेरा फोटो भी अच्छा आने लगा और लड़के वाले जब मुझे देखने आये तो उनलोगों ने भी मुझे बहुत पसंद किया और फिर मेरी शादी हो गयी और मैं जयपुर चली गयी।

आज भी मैं जयपुर में जिस भी डॉक्टर को दिखाती हूं, वह मुझसे कहते हैं कि आप का कॉर्निया प्रत्यारोपण बहुत ही अच्छा हुआ है।

### राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# भविष्य की बुनियाद तैयार करते हैं शिक्षक : संजय सेठ

## जेके इंटरनेशनल स्कूल में मना शिक्षक दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर जेके इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। विद्यालय परिवार को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दिये। छोटे-छोटे बच्चों ने अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षक दिवस के अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि शिक्षक और छात्र का संबंध समाज और राष्ट्र के भविष्य की बुनियाद तैयार करने वाला होता है। शिक्षा को सम्मान और शिक्षकों के द्वारा छात्रों को स्नेह, इस संबंध की सबसे बड़ी कुंजी है। शिक्षक अपनी भूमिका का निर्वहन जितनी तन्मयता से करेंगे, देश को उतने ही अनुशासित और अच्छे नागरिक मिलेंगे। आज के इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, प्राचार्य खुशबू झा, उप प्राचार्य चंद्रशिखा सिंह, येसु प्रधान, कृष प्रधान, धनंजय कुमार भी मौजूद रहे।




### शिक्षक दिवस पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने शिक्षिका को किया सम्मानित

रांची (आजाद सिपाही)। देश के द्वितीय राष्ट्रपति रहे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती सह शिक्षक दिवस पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को रांची में शिक्षिका को सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने रांची स्थित अपने पंडरा स्थित आवास पर डीएवी गांधीनगर स्कूल की जूनियर विंग की इंचार्ज डॉ. जया जायसवाल को उनके शिक्षा में किये गये सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने उनके अच्छे और उज्जवल भविष्य के लिए अपनी ओर से बधाई और शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि डॉ. जायसवाल 20 वर्षों से लगातार अपनी सेवा डीएवी गांधीनगर स्कूल में विभिन्न पदों पर देती आ रही हैं। उनके मार्गदर्शन में स्कूल के विद्यार्थियों ने हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है।



# आइ डोनेशन अवेयरनेस क्लब और कश्यप मेमोरियल आइ बैंक का रन फॉर विजन 7 को

**मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और विशिष्ट अतिथि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर होंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े (25 अगस्त से 8 सितंबर) में आइ डोनेशन अवेयरनेस क्लब और कश्यप मेमोरियल आइ बैंक द्वारा रविवार सात सितंबर को सेंट जेवियर्स कॉलेज में ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और विशिष्ट अतिथि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर होंगे। मृत्युपरांत नेत्रदान करने वालों के परिवार और संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा। रन फॉर विजन का आयोजन देश में 23 वर्षों से हो रहा है। वहीं, ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन का आयोजन लगातार सातवें वर्ष होगा। इस अभियान से जुड़े आयोजनों में अब तक झारखंड के शीर्ष नेता भी नेत्रदान की शपथ ले चुके हैं।

### प्रतिवर्ष 2.5 लाख कॉर्निया की जरूरत

कश्यप मेमोरियल आई बैंक में अब तक करीब 1015 कॉर्निया ट्रांसप्लांट किये जा चुके हैं। इनमें पिछले पांच साल में 490 नेत्र प्रत्यारोपण शामिल हैं। बता दें कि भारत में हर साल करीब 1 करोड़ मौतें होती हैं। लेकिन केवल 50 हजार कॉर्निया ही मृत्युपरांत नेत्रदान से मिलते हैं। हालांकि हर साल 2.5 लाख कॉर्निया की जरूरत होती है और प्रत्यारोपण सिर्फ 30 हजार पर सीमित है। अनजान दानदाता की आंखों से 28 वर्ष से देख रहीं स्नेहलता कॉर्निया प्रत्यारोपण से रोशनी पाने वाली स्नेहलता ने अपनी कहानी साझा की। बताया कि 28 साल पहले आंख में संक्रमण से कॉर्निया खराब हो गया था। 1996 में कश्यप मेमोरियल आइ हॉस्पिटल में डॉ बीपी कश्यप और डॉ भारती कश्यप ने कॉर्निया प्रत्यारोपण कर रोशनी दी।

# जीएसटी सुधार से हर वर्ग को राहत : दीपक प्रकाश

**खपत और अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार**

**जीएसटी के कम होने से कम होगा लोगों की जेब का बोझ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मोदी सरकार के द्वारा जीएसटी सुधार 2.0 लागू किये जाने का स्वागत करते हुए इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया है।श्री प्रकाश ने एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चार सौ वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से हर वर्ग को राहत, खपत व अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी, जीएसटी के कम होने से छोटे- छोटे व्यपारियो के साथ-साथ आम लोगों की जेब का बोझ कम होगा। आम लोगों की सभी दैनिक उपयोग, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा की जरूरी चीजों पर दरों में कटौती होगी।



श्री प्रकाश ने कहा कि चार सौ से अधिक वस्तुओं पर कर कम करने के फैसले से आम आदमी के रोजमर्रा के खर्चों में राहत मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि जीएसटी कम होने से त्योहारी सीजन में सात से आठ फीसदी तक खरीदारी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का जीएसटी को कम करना एकदम सही नीति है इस फैसले से मांग को बढ़ाने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

श्री प्रकाश ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा भारत की इकोनॉमी को डेड बताये जाने के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी जी की इस क्रांतिकारी कदम से अब उन्हें पता चलेगा कि भारत की इकोनॉमी कितनी मजबूत है।

# एसबीयू में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दी गयी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिक्षक दिवस पर सरला बिरला विश्वविद्यालय में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि शिक्षकों को अपने छात्रों के ज्ञानवर्धन के मार्ग पर सतत् दस्तक देने का सुझाव दिया। इस संदर्भ में उन्होंने प्रसिद्ध दार्शनिक अरस्तू का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक बेहतर समय, प्रबंधन, चरित्र निर्माण और अन्यान्य गुणों के माध्यम से छात्रों को कई राह दिखा सकते हैं। विवि के कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने शिक्षक दिवस पर गुरुजनों को शुभकामनायें देते हुए अपने कर्तव्य और दायित्व से विद्यार्थियों को संकल्प सिद्धि का मार्ग अपनाने की सलाह दी। आज के युग में नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की भी बात कही। कार्यक्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो. एसबी डांडिन समेत तमाम शिक्षकगण और शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने शिक्षक दिवस के अवसर पर विवि परिवार को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।




# जीडी गोयनका स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हमारी भारतीय संस्कृति में हमेशा से ही गुरु को आदर और सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। इसलिए कबीर ने कहा है- गुरु गोविंद दोऊ खड़े कांके लागूं पांय

बलिहारी गुरु आपने जिन गोविंद दियो बताय। रांची के नामचीन विद्यालय जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को सम्मान देने के लिए शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने भी अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षक तीन बातें विद्यार्थी को सिखाते हैं आचार, विचार और व्यवहार।

उपनिदेशक अमन सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्थान के शिक्षकों को शुभकामनाएं एवं उपहार प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संस्था के शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण साबित होते हैं।



# झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पहुंचे कोडरमा

## कोडरमा न्यायमंडल में क्रीज का उद्घाटन किया

**सतीश कुमार**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड उच्च न्यायालय रांची के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने शुक्रवार को कोडरमा न्याय मंडल का निरीक्षण किया। इस दौरान पूरे न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। उनके साथ मुख्य न्यायाधीश की धर्मपत्नी अमनदीप चौहान, झारखंड उच्च न्यायालय के महानिबंधक मनोज प्रसाद भी मौजूद थे। इसके पूर्व कोडरमा परिसदन में उनका भव्य स्वागत कोडरमा न्यायमंडल एवं जिला प्रशासन की ओर से किया गया। साथ ही साथ उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। कोडरमा न्याय मंडल का निरीक्षण करने के बाद वे तिलैया डैम प्रस्थान कर गये। इस क्रम में कोडरमा न्यायमंडल में क्रीज (शिशु सदन) का भी उद्घाटन किया गया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अमितेष लाल, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय संजय कुमार चौधरी, जिला जज तृतीय राकेश चंद्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अवर न्यायाधीश तृतीय प्रज्ञा बाजपेयी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, नमिता मिंज, ज्योत्सना पांडेय, मुंसिफ मिथिलेश कुमार, कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम तिर्की, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय रतिभान सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।








# शिक्षक दिवस पर राज्यभर के 128 शिक्षक सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिक्षक दिवस के मौके पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची में राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में राज्यभर के 128 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में 50 घंटे के समेकित-सतत व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के लिए मॉड्यूल लेखन और डिजिटल स्वरूप तैयार करने वाले 128 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया गया।



**राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुने गये दो शिक्षक :** रामगढ़ के सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता (पीएमश्री उच्च विद्यालय, मनुवा) और चतरा के मनोज कुमार चौबे (उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, दवारी) को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए अनुशंसा की गयी। दोनों शिक्षकों को कार्यक्रम के दौरान 25,000 रुपये, शॉल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

**बच्चे गीली मिट्टी की तरह हैं : राजेश प्रसाद :** समारोह को संबोधित करते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी की तरह हैं और शिक्षक कुशल कुम्हार। बच्चों की कमजोरी को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाना ही सच्चा प्रयास है।उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे नयी तकनीकों का उपयोग करते हुए छात्रों को पढ़ाएं और हर बच्चे के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें।

उन्होंने कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने राष्ट्रपति रहते हुए भी अपनी जड़ों को नहीं छोड़ा और अपना जन्मदिन शिक्षकों को समर्पित कर दिया। सम्मान पाकर शिक्षक काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्कूली शिक्षा विभाग का आभार जताया। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए अनुशंसित मनोज कुमार चौबे ने कहा कि सम्मान के साथ जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। मैं गणित और विज्ञान को कला और संस्कृति से जोड़कर बच्चों को पढ़ाता हूं, जिससे वे पढ़ाई को रचनात्मक ढंग से समझते हैं।

# भाजपा नेता रमेश सिंह को एक बार फिर जान से मारने की मिली धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा नेता रमेश सिंह को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी शुक्रवार शाम को उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआइ) के नाम पर दी गयी। इस बार उन्हें 8900159718 नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने पहले तो उनसे संगठन के लिए रंगदारी मांगी और धमकी दी, कहा नहीं दोगे तो इस बार दाग ही देंगे। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब रमेश सिंह को धमकी मिली है। इससे पहले 1 सितंबर को भी उन्हें पीएलएफआइ के नाम पर धमकी भरा कॉल आया था। उस समय भी उनसे रंगदारी की मांग की गयी थी। इसके बाद रमेश सिंह ने सुखदेव नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि उनके मोबाइल पर आये फोन कॉल में सामने वाले ने कहा था कि मैं पीएलएफआइ संगठन से बोल रहा हूं। अगर आपको व्यवसाय चलाना है तो संगठन को मदद करना होगा। अन्यथा अंजाम भुगतना होगा। यह बॉस का आदेश है।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

# शिक्षक राष्ट्र की दिशा तय करते हैं : आनंदमयी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं। शिक्षकों के द्वारा दी गयी शिक्षा समाज और राष्ट्र की दिशा तय करती है। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता आनंदमयी सिंह ने कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि चरित्र, कौशल, संस्कार, अध्ययन सहित जीवन के तमाम आयामों को निखारने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इससे पहले मुख्य अतिथि और प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। मौके पर प्राचार्या ने कहा कि शिक्षक बनना एक रोजगार मात्र नहीं है, बल्कि समाज निर्माण के प्रति समर्पण का भाव भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों के साथ छात्र-शिक्षक संबंधों में कई वर्जनायें आयी हैं। इसके बावजूद बच्चों के लिए सफलता का पथ प्रशस्त करने में शिक्षकों के योगदान को कम नहीं आंका जा सकता है। इस अवसर पर बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, नृत्य और मनोरंजक खेल प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रमों का संचालन हेडगर्ल आशना रहमान और मिनाक्षी कुमारी ने किया। मौके पर काफी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थीगण मौजूद थे।



# इक्फाई विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

**संचार और नेटवर्किंग में क्रांतिकारी बदलाव नामक पुस्तक का विमोचन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड में शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित शिक्षकगण, विद्यार्थी और अतिथिगण उपस्थित हुए और अपने गुरुओं के प्रति आभार एवं श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम की विशेष झलक के रूप में 5जी और उससे आगे संचार और नेटवर्किंग में क्रांतिकारी बदलाव नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक को प्रो (डॉ.) जेबी पटनायक, डॉ. प्रतीक विश्वास और डॉ चंचला कुमारी द्वारा सह-लेखित किया गया है। यह पुस्तक अगली पीढ़ी की संचार तकनीकों पर आधारित है और 5जी और भविष्य की नवाचारों के माध्यम से संचार, नेटवर्किंग और वैश्विक कनेक्टिविटी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलावों की व्याख्या करती है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ.) कर्नल रंजीत सिंह और कुलसचिव प्रो (डॉ.) जेबी पटनायक ने प्रेरणादायक विचार साझा किये, जिससे छात्रों और शिक्षकों को आगे बढ़ने की ऊर्जा मिली। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा व्यक्त किये गये हार्दिक धन्यवाद और सीखने, नवाचार करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने की सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।




# झारखंड राय यूनिवर्सिटी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राय यूनिवर्सिटी के एमबीए (मैनेजमेंट) विभाग में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं एमबीए के कोऑर्डिनेटर विक्रांत सर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं को पुष्प अर्पित कर एवं शुभकामनाएं देकर की। इस मौके पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध सदैव ज्ञान, अनुशासन और मूल्यों पर आधारित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने के लिए कठोर परिश्रम और ईमानदारी को आवश्यक बताया। पूरे कार्यक्रम का संचालन एमबीए विभाग के छात्र प्रशांत कुमार महतो और आरव गुप्ता ने किया। आयोजन को सफल बनाने में नैतिक, प्रिंस, अंकित, सिद्धांत, विजय बड़ा, रोशन ठाकुर, रागिनी, सोनल, विकास कुमार, अश्विनी कुमार, सिद्धांत सर्वजीत देवान मंडल और समीक्षा सहित अन्य छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वाइबीएन के फार्मेसी स्कूल के छात्रों ने मनाया शिक्षक दिवस



**शिक्षकों के समर्पण और मार्गदर्शन का सम्मान करने के लिए मनाया शिक्षक दिवस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के फार्मेसी स्कूल ने शिक्षकों के समर्पण और मार्गदर्शन का सम्मान करने के लिए बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ शिक्षक दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्रों और संकाय सदस्यों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन फार्मेसी स्कूल के डीन ने गरिमापूर्ण ढंग से किया। इस अवसर पर वाइबीएन फार्मेसी स्कूल की प्रिंसिपल सपना केशरी, अकादमिक समंवयक अफरीन आलम और अन्य संकाय सदस्यों के साथ मौजूद रहीं। छात्रों को उनके भविष्य को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को महत्व देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, छात्रों के भाषण और शिक्षण संकाय के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन सीखने और मार्गदर्शन की सच्ची भावना को बनाये रखने के संदेश के साथ और धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर में महाआरती और भंडारा का आयोजन किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर, खादगढ़ा (जयप्रकाश नगर) सुखदेव नगर में गणेशोत्सव के समापन अवसर पर शुक्रवार को आयोजित महा आरती में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महाभंडारा में श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण किया गया। मंगल आरती में काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

श्री गणेश लक्ष्मी मंदिर समिति की व्यवस्थापक रानी कुमारी ने बताया की नौ दिवसीय गणेश उत्सव के समापन अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा जागरण कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। भक्तों ने भजन-कीर्तन का आनंद उठाया। नौ दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान पांच सितंबर (शुक्रवार) को महाआरती और महाभोग वितरण कार्यक्रम के साथ भजन-कीर्तन जागरण कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का भरपूर सहयोग मिला।

गणेशोत्सव के सफल आयोजन में ऋषि तिवारी, विजय कुमार, अरुण कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बंटी बाबू, शिवनंदन पाठक, वशिष्ठ उपाध्याय, विपुल तिवारी, गौरव गोस्वामी, अनुप उपाध्याय, मनोज कुमार, विवेक रजक,आयुष राज, प्रेरणा कुमारी, गौरव कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जय स्वर्वेद कथा से सराबोर हुई रांची

**संत विज्ञान देव महाराज की दिव्य वाणी ने दिया आत्म जागरण का संदेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची की धरती शुक्रवार को आध्यात्मिक ऊर्जा से लबरेज हो उठी। रांची के डिबडीह स्थित कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में जय स्वर्वेद कथा और ध्यान साधना सत्र का आयोजन हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति, श्रद्धा और शांति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर विहंगम योग के संत विज्ञान देव जी महाराज के दिव्य प्रवचन और ध्यान साधना ने सैकड़ों श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और जीवन के नये दर्शन से परिचित कराया। संत प्रवर जी ने अपने प्रवचन में कहा कि सत्संगति हमारे जीवन को निखारती है। मानव जीवन का उद्देश्य केवल शरीर की पुष्टि और इंद्रियों की तृप्ति तक सीमित नहीं है। जीवन का असली मकसद है। लोक कल्याण, आत्म जागरण और ईश्वर-साक्षात्कार है। उन्होंने समझाया कि जीवन की सभी जटिलताओं की जड़ मन में छिपी होती है। यदि मन साध लिया जाये तो जीवन स्वयं सरल हो जाता है। सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संत प्रवर जी ने विहंगम योग की साधना करायी। साधना सत्र में हर साधक ने अनुभव किया कि मानो वर्षों से सुप्त आत्मविश्वास और आत्म चेतना अचानक जाग उठी हो। महाराज जी ने कहा साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने का मार्ग है। जब इंसान खुद से जुड़ता है, तभी वह परमात्मा से भी जुड़ता है। इस अवसर पर आयोजकों ने जानकारी दी कि आगामी 25 और 26 नवंबर 2025 को वाराणसी के स्वर्वेद महामंदिर परिसर में 25,000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ और विहंगम योग संत समाज का 102 वां वार्षिकोत्सव समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव भव्यता से आयोजित होगा। इसकी तैयारी स्वरूप स्वर्वेद संदेश यात्रा का शुभारंभ 29 जून को कश्मीर के श्रीनगर से किया गया था, जो कई राज्यों से होते हुए अब झारखंड की राजधानी रांची पहुंची है। इस यात्रा का उद्देश्य है सेवा, भक्ति और आत्म जागरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना।

# नहीं रहे समाजसेवी सह व्यवसायी केसर देव भरतिया, शोक जताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहर के समाजसेवी व व्यवसायी 73 वर्षीय केसर देव भरतिया का 29 अगस्त को निधन हो गया था। उनके निधन से पूरे परिवार और समाज में शोक की लहर दौड़ गयी है। स्वर्गीय केसर देव भरतिया अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन पर कई व्यवसायियों व समाज के लोगों ने शोक जताया है। परिवार की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार उनकी बैठक दिनांक 5, 6 और 7 सितंबर को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक भरतिया ट्रेडर्स, सुरेश बाबू स्ट्रीट, दत्ता ब्रदर्स सीमेंट दुकान के सामने, अपर बाजार में आयोजित की जायेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### शिक्षक दिवस पर आइ क्रिएट एकेडमी के शिक्षकों का सम्मान



रांची (आजाद सिपाही)। हिंदी साहित्य भारती झारखंड की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर आइ क्रिएट एकेडमी के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिंदी साहित्य भारती झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शिक्षकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक समाज की नींव हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा और संस्कार प्रदान करते हैं। उनके मार्गदर्शन से ही राष्ट्र की प्रगति संभव है। श्री राय ने आगे कहा कि आज के समय में जब शिक्षा केवल जानकारी तक सीमित न रहकर व्यक्तित्व निर्माण का साधन बन चुकी है, ऐसे में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गयी है। उन्होंने आइ क्रिएट एकेडमी के शिक्षकों की समर्पण भावना और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में हिंदी साहित्य भारती के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया और उन्हें स्मृति चिह्न एवं गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया। वातावरण गुरु-शिष्य परंपरा और कृतज्ञता की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर शिक्षक संजीव कुमार, घनश्याम सोनी, राकेश कुमार राय,शिक्षिका अंकित राज, सुमित्रा कुमारी, अंकिता मुखर्जी, अरुणिमा कुमारी, स्मृति साहू, प्रीति कुमारी, प्रियंका राय, सोमा कुमारी, नेहा तिवारी, अपूर्वा साकेत पांडेय आदि शामिल हुए।

### मैरी हेलो किड्स स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। कांके ब्लॉक स्थित मैरी हेलो किड्स स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद बच्चों ने शिक्षकों को कार्ड और गुलदस्ते भेंट कर उनका सम्मान किया। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही वे अपने जीवन में आगे बढ़ पाते हैं। स्कूल की प्राचार्या बिमला सिन्हा ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं और विद्यार्थियों का भविष्य गढ़ते हैं। उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कारों और अनुशासन के महत्व को भी समझाया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और भावनाओं का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण और शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ हुआ।

### नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। प्राचार्या और शिक्षकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद छात्रा मीरा सत्यप्रकाश और सोनी ने मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया। बारहवीं कक्षा के छात्रों ने शुक्रिया गान द्वारा शिक्षकों का धन्यवाद कर सबका मन मोह लिया। बच्चों द्वारा समूह गान भी प्रस्तुत किया गया। वहीं छात्राओं ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी की चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने शिक्षकों को फूल और ग्रीटिंग कार्ड देकर उनके प्रति आभार और अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस बार छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया।

### इस्टर्न कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शिक्षक दिवस समारोह पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के कटहल मोड़ स्थित इस्टर्न कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड हेल्थ स्टडीज में शुक्रवार को शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर हुई। कॉलेज के निदेशक डॉ निशांत कुमार ने शिक्षक दिवस की बधाई दी और सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन पर प्रकाश डाला, साथ ही सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। कॉलेज निदेशक ने सभी शिक्षकों को पुरस्कृत कर सभी के शैक्षणिक कार्यों को सराहना किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल देव राणा, नितेश ठाकुर, राकेश कुमार, धीरज मौर्या, लाडली सेजल, अमृता, ललिता सहित अन्य शामिल थे।

### लक्ष्मण सिंह ने करम पूजा की बधाई दी



रांची (आजाद सिपाही)। हटिया के समाजसेवी सह अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह ने करम पूजा पर पूरे झारखंड वासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि जनजातीय परंपराओं का अनुपम पर्व करमा पूजा प्रकृति श्रम और भाई बहन के आस्था का अद्भुत संगम है। इस दिन धरती माता प्रकृति और करम वृक्ष की पूजा कर लोग समृद्धि, खुशहाली और सुख शान्ति की प्रार्थना करते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# विधायक सुरेश पासवान की तबीयत बिगड़ी
## दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देवघर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक सुरेश पासवान की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उन्हें दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां फिलहाल उनका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से वे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे और उन्हें कमजोरी महसूस हो रही थी। धीरे-धीरे उनकी हालत और अधिक खराब होती चली गयी, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया। दिल्ली पहुंचने के बाद 2 सितंबर मंगलवार को सर गंगाराम अस्पताल में उनका फुल बॉडी चेकअप किया गया। जांच में उनके शरीर में अत्यधिक ब्लड शुगर के साथ-साथ किडनी और लिवर में इंफेक्शन की पुष्टि हुई। इसके बाद उन्हें मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज हो रहा है।

# व्यवसायी के घर पर अपराधियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत नामधारी कॉलेज के पास शुक्रवार की देर शाम शहर में उस समय दहशत फैल गयी जब कुख्यात अपराधी रवि तिवारी ने व्यवसायी ओमप्रकाश गुप्ता के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बताया गया कि अपराधी ने करीब पांच राउंड गोलियां चलायी और फिर मौके से फरार हो गया। घटना का पूरा दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

इस गोलीबारी की घटना से व्यवसायी का परिवार सहम गया है। परिजनों ने बताया कि यह हमला पहली बार नहीं हुआ है। इससे पूर्व भी अपराधियों ने उनके घर पर हमला किया था और अब तक यह तीसरी बार है जब उनके घर को निशाना बनाया गया। परिजन लगातार अपनी सुरक्षा को लेकर भयभीत हैं और पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



व्यवसायी के घर की दीवार पर लगी गोलियों के निशान।

फायरिंग की जानकारी मिलते ही गढ़वा थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक कार में सवार होकर कुछ लोग मौके पर पहुंचे थे और फायरिंग की। इस दौरान अपराधी ने अपना नाम रवि तिवारी बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जायेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोलीबारी के बाद पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। लोग गोलियों की आवाज सुनकर अपने-अपने घरों में दुबक गये। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आइएएस स्टडी सेंटर में शिक्षक दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। ईस्ट जेल रोड स्थित कुंदन टायर के नजदीक रांची में आइएएस स्टडी सेंटर के निदेशक रवींद्र सर के नेतृत्व में शिक्षक दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्रों का भविष्य शिक्षकों के मार्गदर्शन पर निर्भर है। सही वक्त पर सही मार्गदर्शन नहीं मिलने पर अपने मंजिल की ओर नहीं पहुंच पाते हैं। छात्र एवं छात्राओं ने कोचिंग सेंटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम एवं शांतिपूर्ण ढंग से आगाज किया। इस अवसर पर फैकल्टी के सदस्य सुधीर सर, आरपी दुबे सर, रिलायबल एडवरटाइजिंग ब्यूरो रांची के प्रोपराइटर रविंद्र कुमार एवं शाहीन, कुणाल, मुन्ना, रोशन, रवि, अनुराग, आशीष एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### रिम्स फुटपाथ दुकानदार संघ ने प्रशासन से लगायी गुहार



रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स फुटपाथ दुकानदार संघ की बैठक शुक्रवार को रिम्स परिसर में आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम ने की। इस बैठक में 30-40 वर्षों से दुकान चला रहे दुकानदारों ने अपनी समस्याएं साझा कीं। बताया कि फुटपाथ पर लगने वाली सभी दुकानदारों को हटा दिया गया है, जिससे अस्पतालों में आने वाले गरीब मरीजों को गर्म पानी, गर्म दूध और सस्ती दर पर खिचड़ी एवं रोटी-चावल जैसी आवश्यक सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। दुकानदारों और उनके परिवारों पर भूखमरी और आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। वहीं प्रशासन से आग्रह किया कि, अतिक्रमण के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं का समाधान किया जाये और दुकानदारों को उनके व्यवसाय को पुनः शुरू करने में मदद की जाये। इस बैठक में जिम्मी कुमार यादव, गोपाल प्रसाद सिन्हा, कैलू लकड़ा, कैलाश गुप्ता, शीला तिर्की, रूपा खलखो, विभाग गोस्वामी, शोभा देवी, नरेश शाह, मनोज नाग, शीतल देवी, प्रमोद गुप्ता और पिंटू गोस्वामी सहित कई अन्य प्रमुख दुकानदार संघ के सदस्य उपस्थित थे।

### श्री दुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब संस्था ने मूर्ति निर्माण के लिए दी सहयोग राशि



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में शारदीय नवरात्र की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो गयी हैं। इसी क्रम में श्री दुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब संस्था के मुख्य संरक्षक और संरक्षकों द्वारा मूर्तिकार रामपाल को मां दुर्गा की प्रतिमा निर्माण के लिए 51 हजार रुपये की अग्रिम राशि और मूर्ति की छवि प्रदान की गयी। इस अवसर पर यह राशि समिति के अभिभावक और दुर्गा पूजा के मुख्य संरक्षक किशोर साहू द्वारा ससम्मान भेंट की गयी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा को भव्य और ऐतिहासिक रूप देने की तैयारी की जा रही है। इसमें पूरे समाज का सहयोग सराहनीय रहेगा। इस कार्यक्रम में शंकर दुबे, संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह, राहुल सिंह, आकाश रजक, नमन भारतीय, राहुल रजक, करण सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, सौरभ रजक, संजय तिवारी, पीयूष वर्मा, यश वर्मा, आयुष वर्मा, अभिषेक रजक, हर्ष रजक, प्रिंस राजा, लकी रजक, अंकुश वर्मा, आयुष सिंह, अमन रजत, कृष्णा रजत, प्रिंस वर्मा, आदित्य वर्मा, पीयूष कुमार साहू, शिवम वर्मा, अंकित वर्मा, बबलू वर्मा और संस्था के अन्य सभी समर्पित सदस्यगणों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

# पिता और गुरुजी थे मेरे शिक्षक : इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि उनके दो शिक्षक रहें हैं। जिनका उनके जीवन में अहम योगदान रहा है। पहला गुरु उनके पिता फुरकान अंसारी और दूसरे शिक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन रहे हैं। अंसारी ने कहा कि पिता से उन्हें इंसानियत और सेवा का पहला सबक दिया, जबकि गुरुजी शिबू सोरेन से उन्होंने राजनीति की शिक्षा पायी है। उन्होंने कहा कि गुरुजी ने समझाया कि राजनीति सत्ता का खेल नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संकल्प है। जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही राजनीति का असली उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु वह नहीं जो केवल किताबों का ज्ञान दे, बल्कि वह व्यक्ति भी गुरु है जो आपको जीवन जीने का मार्ग दिखाये। मंत्री ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर वे अपने दोनों गुरुओं को सादर नमन करते हैं।

# धनबाद में दो हादसों की उच्चस्तरीय जांच होः सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने धनबाद जिले में कोयला क्षेत्र में दो हादसों पर चिंता जतायी है और दुःख व्यक्त किया है। महतो ने केंद्र सरकार से मांग की है कि कोयला क्षेत्र में सुरक्षा मानदंडों की गंभीर अनदेखी की उच्चस्तरीय जांच की जाये। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर लगातार सरकार, कोल इंडिया और प्रशासन का ध्यान दिलाया लेकिन इसपर अमल नहीं किया गया। महतो ने भू-धंसान की घटना में कई लोगों के दबे होने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। घटना बाघमारा के रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत बुटु बाबू बंगला के पास स्थित कुम्हार टोली मुंडा घोड़ा इलाके की है। जहां अवैध खनन के चलते भू-धंसान से भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान मुंडा घोड़ा खटाल जमींदोज हो गया है। हादसे में खनन में लगे कई मजदूरों की दबे होने की आशंका जतायी जा रही है। इसके अलावा बीसीसीएल कतरास क्षेत्र अंतर्गत अंबे माइनिंग आउटसोर्सिंग साइट पर हुई दर्दनाक दुर्घटना में 5 मजदूरों की असामयिक मौत पर दुःख व्यक्त किया है और कहा है कि कोयला खनन क्षेत्रों में लापरवाही से हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसपर नियंत्रण के लिए व्यापक प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष प्रणय कुमार की अध्यक्षता में रांची स्थित अशोकनगर जलसा भवन में संपन्न हुई। इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी और दीप प्रज्ज्वलित करते हुए भगवान चित्रगुप्त की स्तुति की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से संगीता कुमारी ने किया और आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत रांची जिला अध्यक्ष और प्रदेश मीडिया प्रभारी शैलेश कुमार सिन्हा ने किया।

विशिष्ट अतिथि झारखंड और ओड़िशा के अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रभारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि समाज और सामाजिक संगठन का समन्वय और क्रियान्वयन से ही सभी को लाभ होगा। प्रदेश अध्यक्ष प्रणय कुमार ने कहा कि संगठन में संवैधानिक अधिकारियों का रक्षा और सम्मान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। हजारीबाग जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय ने कहा कि कायस्थ समस्याओं का समाधान हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवारत है। धनबाद जिला अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में शादी विवाह की समस्याओं को देखते हुए धनबाद जिला शादी विवाह से संबंधित एक वेबसाइट बनाया है। देवघर जिला अध्यक्ष अमर कुमार सिन्हा ने देवघर जिला का शीघ्र विस्तार की बात कही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया और सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

# रोबोटिक्स पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्कूल के विद्यार्थियों के लिए रोबोज एनआइटी के ऑफिस कांटाटोली, रांची में शुक्रवार को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। इसमें बच्चों को रोबोटिक्स की जानकारी दी गयी। यह आयोजन विद्या देव चैरिटेबल सोसाइटी के प्रेसिडेंट आनंद ने रोबोज एनआइटी के संचालक साहिल ज्ञान एवं अनुपम बी सुरीन से बात कर उनके सेंटर में आयोजित की। रोबोज एनआइटी की टीम ने सभी बच्चों को ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तार से बताया। बता दें कि रोबोज एनआइटी ने 2024 में स्टार्टअप में रजिस्ट्रेशन कराया है, जो रोबोटिक्स में झारखंड का पहली स्टार्टअप कंपनी है। उन्होंने बच्चों को एडाश टेक्नोलॉजी की भी जानकारी दी। बच्चों ने रोबोज एनआइटी द्वारा बनाये गये किट पर प्रैक्टिकल भी करके देखा। होम ऑटोमेशन, सिक्योरिटी सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी इत्यादि की जानकारी दी गयी। साथ ही उन्होंने प्रैक्टिकल भी करके देखा। अनुपम ने बताया कि आने वाले समय में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अनुमति मिलने पर कंपनी ऐसी कार्यशाला का आयोजन करने में सक्षम हैं। वर्तमान समय में स्टेम एजुकेशन बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण अंग बन गयी है। स्टेम एजुकेशन के अंतर्गत अगर हम रोबोटिक को भी सम्मिलित कर लेते हैं, तो यह बच्चों के सर्वांगिक विकास में सहायक होगी। इस कार्यक्रम में पॉवर हाउस, घाघरा, अपर चुटिया के बच्चों के अलावा मयंक, रूपाली, रुचिका, पीहू, प्रीति, कार्तिक, माही, मानसी, प्रिय, स्वीटी, आंचल इत्यादि उपस्थित थे।

# आप के प्रदेश प्रभारी का दो दिवसीय झारखंड दौरा आज से

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आम आदमी पार्टी (आप) के झारखंड प्रदेश प्रभारी शिवचरण गोयल और प्रदेश सह प्रभारी सुशील सिंह 6 और 7 सितंबर 2025 को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे बोकारो, धनबाद और रांची में संगठन की समीक्षा करेंगे और कार्यकर्ता सम्मेलनों में भाग लेंगे। शनिवार को बोकारो और धनबाद में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे, जहां संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके बाद रविवार को रांची जिले के कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम पुराना विधानसभा सभागार में आयोजित होगा। आप के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा और सह प्रभारी कुमार राकेश ने संयुक्त रूप से इस दौरे की जानकारी दी है और बताया है कि वरीय पदाधिकारियों के दौरे को देखते हुए बोकारो, धनबाद और रांची जिलों में कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि इस दौरे का मुख्य उद्देश्य झारखंड के अलग-अलग जिलों में संगठनात्मक समीक्षा करना और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करना है। दौरे के दौरान कई नये लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलायी जायेगी।

# सुखदेव नगर हेसल सरना समिति ने करम महोत्सव धूमधाम से मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सुखदेव नगर हेसल सरना समिति साथी संघठन के द्वारा धूमधाम से करम महोत्सव बनया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मित्युंजय सिंह एवं युवा आदिवासी अगुआ राहुल तिर्की, विशिष्ट अतिथि नीरज कुमार, वार्ड 31 के पार्षद प्रत्याशी एवं भगवा सेना के संयोजक मंजीत सिंह, सेना प्रमुख अमित सोनी, काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुजीत वर्मा मौजूद थे।

जिसमें साथी संघठन के अध्यक्ष आनंद कुजूर ने अंग वस्त्र एवं मोमेंट देकर अतिथि का स्वागत किया गया। जिसमें नित्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रुप केटगरी में प्रथम स्थान गुमनाम अग्नि को दिया गया। द्वितीय स्थान सुकून क्रिव एवं तृतीय स्थान द सोलो क्रिव को दिया गया सोलो डांस केटगरी में पहला स्थान लाइन पॉप को मिला दूसरा स्थान प्रकाश, तृतीय स्थान पर ऋतू रहीं। इस कार्यक्रम में एक सरहानीय नृत्य प्रतियोगिता में फोल्क डांस भी रखा गया था जिसमें पहला स्थान हेसल सरना समिति छोटका टोली को दिया गया और द्वितीय स्थान सारण सिस्टर एवं तृतीय स्थान पर आरोही और परी को घोषित किया गया। इस पूरं डांस प्रतियोगिता में नागपुरी जगत के उभरते हुए कलाकार अंकित पॉप भी सिरकत किये। जज की भूमिका में दीपक नायक एवं अंकित उरांव की भूमिका अहम रही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष आनंद कुजूर, मुख्य संरक्षक अभिजीत कुमार छोटू, प्रकश थापा, नरेश उरांव, तुलसी उरांव, शेमल टोप्पो एवं पदाधिकारी सरन उरांव, शुभम बंटी, शशि लकड़ा, आयुष उरांव राहुल उरांव, रमेश कच्छप, सुमित उरांव आदि लोग मौजूद थे।

# भाजपा की हाय-तौबा सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश : सुबोधकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व अवैध घुसपैठियों के मुद्दे पर भाजपा हाय-तौबा मचा रही है। भाजपा का यह कृत्य चुनावी माहौल में जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है।

इस संबंध में श्री सहाय ने शुक्रवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि यदि सही मायने में इस मुद्दे पर भाजपा इतनी चिंतित है, तो उसे यह भी बताना चाहिए कि विगत 11 साल के शासनकाल में भाजपानीत केंद्र सरकार इस मसले पर क्या कर रही थी? क्यों नहीं इस दौरान घुसपैठियों को रोकने की कोशिश की गयी? उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बिहार में पिछले आठ सालों से डबल इंजन वाली एनडीए की सरकार है। इस बीच बिहार में घुसपैठ के मुद्दे पर केंद्र द्वारा क्यों नहीं कोई नीतिगत प्रस्ताव लाया गया? अब बिहार में चुनाव होने वाला है, तो यहां चुनाव पूर्व इस मुद्दे को उछालकर अन्य मुद्दों को गौण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की सीमा की सुरक्षा, उसकी निगरानी और अवैध घुसपैठ रोकने का जिम्मा केंद्र सरकार का है। सरकार के अधिकतर शासन काल में यह मुद्दा दबा रहा, इस पर कोई कभी चर्चा नहीं हुई। अब चुनाव निकट आते ही भाजपा के भाषणों में यह मुद्दा प्रमुखता से उछाला जा रहा है। जबकि बिहार में और भी कई ज्वलंत मुद्दे हैं।

# आदिवासी समाज देश की धड़कन : काले



जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। भादो एकादशी कर्मा पूजा के अवसर पर आदिवासी उरांव समाज समिति, सीतारामडेरा द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद सह मिलन समारोह में सम्मिलित होकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि आदिवासी समाज सदैव राष्ट्र की धड़कन रहा है और जब भी देश को आवश्यकता पड़ी, इस समाज ने राष्ट्र के स्वाभिमान की रक्षा हेतु बलिदान दिया है। शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को नमन करते हुए उन्होंने आज खेल कूद कार्यक्रम में शामिल उरांव समाज के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। उन्होंने आयोजन समिति को इस सफल कार्यक्रम के लिए जिला अध्यक्ष राकेश उरांव , सचिव गंगाराम तिर्की, कोषाध्यक्ष रामू तिर्की, बबलू खलको को बधाई दी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.:3011 Dated: 30/04/2025 I, Anjali Chouhan D/O Ram Raj Chouhan aged about 25 years, Resident of village Colony No. 4, Kathara, P.O Kathara, P.S. Bokaro Thermal, Dist-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-
1. That, my Nationality is Indian.
2. That, my correct and actual name is Anjali Chouhan which has been mentioned in my Aadhaar card vide No-6584 8552 3522 but in my bank account of Bank of India Branch Kathara vide account No. 479318210002043 my name has been mentioned as Anjali Kumari.
3. That, Anjali Chouhand and Anjali Kumari both names are one and same person i.e myself.
4. That, I want to correct or rectify my name in my above said bank account as Anjali Chouhan in place of Anjali Kumari.
5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose.
6. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also.

# बदरूप होता टकराव

पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को जो कुछ हुआ, वह सदन की गरिमा और मयार्दा को तार-तार करने वाला है। टीएमसी और बीजेपी के बीच की तल्खी विशेष सत्र के आखिरी दिन सतह पर आ गयी। दोनों दलों में तगड़ी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और मतभेद हैं। सदन का इस्तेमाल इस पर सार्थक वाद-विवाद, चर्चा के लिए किया जा सकता था।

**चर्चा के बजाय हंगामा :** ममता बनर्जी और उनकी पार्टी टीएमसी का आरोप है कि भाजपा शासित राज्यों में रहने वाले पश्चिम बंगाल के लोगों को जानबूझ कर निशाना बनाया जा रहा है। सदन में इसी पर चर्चा होनी थी, लेकिन जब विपक्षी विधायकों ने वेल में पहुंच कर हंगामा किया तो स्पीकर ने बीजेपी के चीफ व्हिप शंकर घोष को सस्पेंड कर दिया। उनको बाहर निकालने के लिए मार्शल बुलाने पड़े।

**बांग्ला भाषियों का मुद्दा :** प्रवासी बांग्ला भाषियों का मुद्दा ममता बनर्जी और उनकी पार्टी टीएमसी के लिए बेहद संवेदनशील है। वह इसे बांग्ला अस्मिता व पहचान से जोड़कर आगे बढ़ रही हैं। कुछ अरसा पहले उन्होंने यहां तक कह दिया था कि दूसरे राज्यों में गये बंगाल के लोग लौट आयें, सरकार उनका ख्याल रखेगी। तीन दिन पहले जब कोलकाता में लगे तृणमूल कांग्रेस के अस्थायी मंच को सेना ने हटा दिया था, तब भी काफी बवेला मचा था। तब सेना की तरफ से बताया गया था कि पार्टी ने परमिशन खत्म होने के बाद भी मंच नहीं हटाया था, इसलिए उसे कार्रवाई करनी पड़ी।

> पश्चिम बंगाल एक लंबे अरसे से केंद्र और राज्य के बीच टकराव का मैदान बना हुआ है। राज्यपाल के अनधिकृत दखल से लेकर एसआइआर तक - विवाद के कई बिंदु हैं। पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी और जगदीप धनखड़ एवं मौजूदा गवर्नर सीवी आनंद बोस के साथ राज्य के रिश्ते कभी सामान्य नहीं रहे।

**गवर्नर से विरोध :** पश्चिम बंगाल एक लंबे अरसे से केंद्र और राज्य के बीच टकराव का मैदान बना हुआ है। राज्यपाल के अनधिकृत दखल से लेकर एसआइआर तक - विवाद के कई बिंदु हैं। पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी और जगदीप धनखड़ एवं मौजूदा गवर्नर सीवी आनंद बोस के साथ राज्य के रिश्ते कभी सामान्य नहीं रहे। केशरीनाथ ने जाते-जाते ममता पर तुष्टिकरण का आरोप लगा दिया था, तो धनखड़ ने कहा था कि बंगाल में लोकतांत्रिक हालात सही नहीं हैं। वहीं, ममता का आरोप है कि राजभवन के जरिये केंद्र उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रहा है।

**सीमाओं का ध्यान :** विपक्ष शासित किसी और सूबे की तुलना में बंगाल में केंद्र-राज्य संघर्ष ज्यादा आक्रामक है। इसकी वजह है वहां की सियासत। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी पहली बार मुख्य विपक्षी पार्टी बनी थी। तब से वह अपना स्पेस लगातार बढ़ाने की कोशिश में है, जबकि टीएमसी के सामने चुनौती है अपनी जगह बचाये रखने की। राज्य में अगले साल मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। चुनावी तारीख नजदीक आने के साथ टकराव और गहरा होगा। लेकिन, इसमें दोनों पक्षों को राजनीतिक मर्यादा और सीमाओं का ध्यान जरूर रखना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

> आज रिनपास में इलाज के अलावा उच्च शिक्षा के तहत रिसर्च तथा पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री के कई कोर्स की पढ़ाई होती है। रांची विश्वविद्यालय, रांची से संबद्ध और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआइ) द्वारा मान्यता प्राप्त, यह संस्थान मनोचिकित्सा में एमडी, मनोचिकित्सा में डीएनबी, नैदानिक मनोविज्ञान और मनोरोग सामाजिक कार्य में एमफिल और पीएचडी कार्यक्रम प्रदान करता है। अब तक 100 से अधिक छात्र पीएचडी कर चुके हैं। इसके अलावा सैटेलाइट चिकित्सा के तहत जोन्हा, खूंटी, सरायकेला, खरसावां, हजारीबाग में चलाया जाता है।

# 100 साल का हो गया 'रिनपास'



**डॉ मोहम्मद जाकिर**

कांके में जुमार और पोटपोटो नदी के बीच से गुजरने वाली कर्क रेखा के समीप मानसिक रोगियों के इलाज हेतु अस्पताल बनाने के लिए जमीन का चयन सुरक्षा और तापमान को ध्यान में रख कर किया गया। बीसवीं शताब्दी के शुरुआती वर्षों में कांके क्षेत्र में बीहड़ जंगल हुआ करता था। इस क्षेत्र में तापमान मानसिक रोगों के शीघ्र स्वास्थ्य होने के लिए अनुकूल था। यहां अंग्रेजों ने मनोरोगियों के लिए सीआइपी (1918) और रिनपास (1925) में स्थापित किया।

वैसे ल्यूनेटिक असाइलम की शुरुआत 1795 में बिहार के मुंगेर में से हुई। 1821 में इसे पटना कॉलेजिएट स्कूल में स्थानांतरित किया गया। जिसके पहले चिकित्सा अधीक्षक कैप्टन जे ई धान्जी भाई ने 1 अप्रैल 1925 को पद्‌भार संभाला। अस्पताल के साथ-साथ चिकित्सा अधीक्षक के निवास के लिए 1.2 किमी दूरी पर एक लाल कोठी का निर्माण किया गया। धान्जी भाई अस्पताल घोड़े से आया-जाया करते थे। 550 एकड़ जमीन पर बनी मानसिक रोगियों के अस्पताल की बुनियाद 1908 में पड़ी और यह 4 सितंबर, 1925 को बन कर तैयार हुई। इसका नाम बदल कर भारतीय मानसिक चिकित्सालय कर दिया गया।

> रिनपास के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है।

4 सितंबर 1925 को पुरुष वार्ड में 110 मरीज थे, तो वही 19 सितंबर 1925 को महिला वार्ड की शुरुआत हुई, जिसमें 53 मरीज थे। 31 दिसंबर को कुल मरीज 1226 हो गये, जिसमें एक 1074 पुरुष एवं 152 महिला मरीज थे। अचानक मरीजों की संख्या में वृद्धि का कारण ढाका (बांग्लादेश) और बेहरामपुर (ओड़िशा) के मरीजों के आने से हुआ। उन दिनों स्वीकृत मरीजों की संख्या 1560 थी। उस समय तक पूर्वी भारत का सबसे बड़ा मानसिक स्वास्थ्य संस्थान था। इस कारण पूर्वोत्तर राज्यों से काफी संख्या में मरीज इलाज हेतु आते थे।




पुरुष वार्ड में वार्डों की कुल संख्या आठ है। प्रत्येक दो तल्ला वार्ड में एक बड़ा हॉल और नीचे तथा पहले तल्ले पर चार बड़े कमरे हैं। अस्पताल के सभी वार्डों की बनावट एक समान है, जो सुर्खी-चूना-ईंट एवं लोहे से निर्मित है। अस्पताल के परिसर में सैकड़ों पेड़ हैं, जिनमें सखुआ, कटहल, आम, लीची के पेड़ अधिक हैं, साथ ही यहां समय-समय पर सामाजिक वानिकी के तहत नये पौधे भी लगाये जाते हैं, ताकि वातावरण में संतुलन बना रहे।

अस्पताल परिसर में कई बड़े तालाब है। पहले यहां के मरीज खुद खेती किया करते थे। अनाज रखने के लिए दो फाटक वाला अनाज भंडार बना हुआ है। यहां गन्ना के साथ-साथ सब्जी की खेती तथा डेयरी फार्म भी है। पहले गन्ने के रस से गुड़ भी बनाया जाता था। मरीज ही गाड़ीवान, कोचवान तथा मशालची होता था। शुरुआती वर्षों में मानसिक रोगों का इलाज बिजली के झटके तथा जल चिकित्सा द्वारा किया जाता था।

1958 में इस संस्थान का नाम बदल कर रांची मानसिक आरोग्यशाला कर दिया गया। बेड की क्षमता बढ़ाकर 1,620 कर दी गयी। 550 एकड़ वाले अस्पताल का परिसर अब घट कर 354 एकड़ रह गया है। इसकी अधिकतर जमीन बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को स्थानांतरित की गयी है। पहले ओपीडी में सालाना करीब 7000 मरीजों का इलाज किया जाता है। वर्तमान में ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ कर 80,000 हो गया है। वहीं गंभीर रूप से मानसिक रोगियों को वार्ड में रखा जाता है। अब तक लाखों मरीजों को इस अस्पताल ने जीवन का एक नया सफर दिया है।

इस संस्थान से डॉ एलपी वर्मा ने 1942 में मनोचिकित्सा में भारत की पहली एमडी की उपाधि प्राप्त की थी। 1994 में, सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्देश ने इसे स्वायत्त दर्जा प्रदान किया। 10 जनवरी, 1998 को इसका नाम बदल कर रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो-साइकियाट्री एंड एलाइड साइंसेज (रिनपास) कर दिया गया।

रोगियों को सिलाई, बढ़ईगीरी, टोकरी बुनाई और स्टेशनरी बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। फाइलें, चादरें और हस्तशिल्प जैसे उत्पाद झारखंड उच्च न्यायालय सहित सरकारी विभागों द्वारा खरीदे जाते हैं। वर्तमान में, रिनपास में लगभग 650 रोगी भर्ती हैं, जबकि ओपीडी सेवाओं का विस्तार जारी है। यहां कर्मचारियों की भारी कमी है। 670 से अधिक स्वीकृत पदों में से, केवल 130 ही नियमित रूप से कार्यरत हैं, बाकी आउटसोर्सिंग के माध्यम से प्रबंधित किये जाते हैं। मानसिक रोगियों के लिए लाइब्रेरी, खेलकूद एवं मनोरंजन की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। मरीजों के लिए निशुल्क शिक्षा एवं मुफ्त दवाइयां दी जाती है।

आज रिनपास में इलाज के अलावा उच्च शिक्षा के तहत रिसर्च तथा पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री के कई कोर्स की पढ़ाई होती है। रांची विश्वविद्यालय, रांची से संबद्ध और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआइ) द्वारा मान्यता प्राप्त, यह संस्थान मनोचिकित्सा में एमडी, मनोचिकित्सा में डीएनबी, नैदानिक मनोविज्ञान और मनोरोग सामाजिक कार्य में एमफिल और पीएचडी कार्यक्रम प्रदान करता है। अब तक 100 से अधिक छात्र पीएचडी कर चुके हैं। इसके अलावा सैटेलाइट चिकित्सा के तहत जोन्हा, खूंटी, सरायकेला, खरसावां, हजारीबाग में चलाया जाता है। हजारीबाग तथा बिरसा कारागार के कैदियों का इलाज तथा एनजीओ निर्मल हृदय तथा चेशायर होम में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाता है। डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के तहत दुमका, गुमला, जमशेदपुर, मेदनीनगर (डाल्टनगंज) में नोडल केंद्र है। इनमें नवभारत जागृति केंद्र तथा संजीवनी ग्राम ट्रस्ट भी सहयोगी हैं।

रिनपास के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। मानसिक रूप से विकलांग लोगों के लिए एक आश्रय गृह के रूप में अपनी मामूली शुरुआत से, रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो-साइकियाट्रिक एंड एलाइड साइंसेज (रिनपास) मानसिक स्वास्थ्य देखभाल, अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए भारत के अग्रणी संस्थानों में से एक बन गया है।

आज, यह संस्थान पूर्वी भारत के रोगियों और उनके परिवारों के लिए आशा की किरण के रूप में चमक रहा है, न केवल उपचार, बल्कि पुनर्वास, शिक्षा भी प्रदान करता है। वर्तमान में रिनपास के निदेशक डॉ अमूल रंजन सिंह हैं।

## कोल्हान की खबरें

### ईद मिलादुन्नबी के मौके पर ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर आजाद मैरेज हॉल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 151 यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया। इस मौके पर राज्य के पूर्व शिक्षा सचिव नंदकिशोर लाल मुख्य अतिथि थे। श्री लाल ने रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट झारखंड की ऐसी सामाजिक संस्था है जो बिना किसी भेदभाव के समाज के हर तबके के लिए काम करती रही है और समाज के ऐसे लोग, जिन्हें ब्लड की जरूरत हो, यह संस्था फौरन वहां ब्लड पहुंचती है। आज के रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज के इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के तौर पर ऐसी इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष आसिफ महमूद, करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ रियाज, राबिया टेक्निकल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जावेद अख्तर खान, अल कबीर पॉलिटेक्निक कॉलेज के मकसूद आलम, और उदितवाणी के एडिटर उदित अग्रवाल, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डॉ जहांजेब, डॉ फैजान, डॉ अभीबा, डॉ सरफराज, और एमजीएम कॉलेज के यूजी के प्रथम एवं सेकेंड ईयर के छात्र, प्रो फक्रउद्दीन अहमद आदि मौजूद थे। सभी विशिष्ट अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया और साथ ही सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप, मामला दर्ज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र से 13 साल की नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाये जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, घटना 3 सितंबर की सुबह 11 बजे की है। परिजन ने पहले अपनी स्तर से बच्ची की काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर 5 सितंबर को मामला थाने तक पहुंचा मामले में पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले भुइयांडीह ह्यूम पाइप निवासी पिंटू अधिकारी (35) को आरोपी बनाया है। बताया जाता है कि दोनों परिवारों के बीच पहले से जान-पहचान थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने नाबालिग को अपने साथ भगा ले गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जब मामला थाने में दर्ज हुआ, उस वक्त आरोपी का मोबाइल फोन चालू था. लेकिन इसके बाद उसने फोन स्विच ऑफ कर दिया। इससे पुलिस की परेशानी बढ़ गयी है। फिलहाल आरोपी की लोकेशन ट्रैक करने के प्रयास जारी हैं। सीतारामडेरा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम गठित कर दी गयी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया जायेगा। बरामदगी के बाद पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जायेगा और न्यायालय में उसका बयान दर्ज कराया जायेगा। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी ज्यादा दिनों तक फरार नहीं रह पायेगा और शीघ्र ही पुलिस की गिरफ्त में होगा। वहीं, परिजन बच्ची की सकुशल वापसी की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## विधायक सरयू राय ने 500 से ज्यादा शिक्षक-शिक्षिकाओं का किया सम्मान

> राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मकसद भारत को महान बनाना और परंपराओं को समृद्ध करना : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मूल उद्देश्य भारत को महान बनाना और परंपराओं को समृद्ध करना है। श्री राय ने कहा इस नीति की व्यावहारिक कठिनाइयों को समझना जरूरी है, तभी उनके समाधान खोजे जा सकते। शुक्रवार को वे मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल सभागार में स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का व्यावहारिक आयाम सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरयू राय ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, मां सरस्वती और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की तस्वीरों की ओर इशारा करते हुए कहा भारत का भविष्य कैसा हो, वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में हमारा मानव बल कितना सक्षम बने यही इस नीति का विशिष्ट संदेश है। मौके पर अंजनी कुमार ने कहा शिक्षा नीति में मातृभाषा और स्किल पर विशेष ध्यान दिया गया। हमें विद्वान नहीं, बल्कि दक्ष और व्यवहारिक ज्ञान वाले विद्यार्थी तैयार करने हैं। डॉ. अमर सिंह ने कहा शिक्षक आज भी सम्मान के असली अधिकारी हैं। उन्होंने कहा नीति में योग और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट जैसी पहलें इसलिए शामिल हैं ताकि विद्यार्थी पढ़ाई को बीच में छोड़ने के बाद भी अपने क्रेडिट के आधार पर आगे पढ़ सकें।शिक्षिका शिप्रा ने बताया इसरो भ्रमण के बाद बच्चों का नजरिया बदल गया है। अब वे प्रैक्टिकल एप्रोच के साथ पढ़ाई कर रहे हैं। यही इस नीति की बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम में सोनाली सरकार ने गणेश वंदना पर एकल नृत्य प्रस्तुत की। वही वर्कर्स कॉलेज की छात्राओं ने आदिवासी नृत्य से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन मंजू सिंह और प्रिया ने की। विशेष अतिथि में डॉ. डीपी शुक्ला, डॉ. अमर सिंह, डॉ. एसएस रजी, राजदीप सिन्हा, डॉ. मुदिता चंद्र, डॉ. रागिनी भूषण, बीएन प्रसाद, एसपी मलिक और डॉ. त्रिपुरा झा मंचासीन रहे।मौके पर जयंती शेषाद्री, ज्योत्सना अस्थाना, डॉ. अनिता शर्मा, मनोज कुमार, रजनी शेखर, इप्सिता डे, शिप्रा, अशोक कुमार सिंह, विपिन शर्मा, डॉ. डीपी शुक्ला, डॉ. बीएन प्रसाद, डॉ. मुदिता चंद्र, डॉ. मुकुल खंडेलवाल, डॉ. एसएस रजी, राजदेव सिन्हा, डॉ. लाल बाबू सिंह, उमादत्त सिंह, सरिता कुमारी, पीडी लाल, लुसी रफायल ठाकुर, एसएसपी सिंह और रामलोचन झा समेत शहर के 500 से ज्यादा शिक्षकों को विधायक सरयू राय ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

## हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक साजिश को विफल करते हुए दो युवक को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त में बागबेड़ा हरहरगुट्टू निवासी अभिषेक सिंह और जुगसलाई शिवघाट रोड निवासी गणेश रजक उर्फ चुजा शामिल हैं। शुक्रवार को पूछताछ के बाद दोनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी देते हुए विधि-व्यवस्था डीएसपी ने बताया वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी खरकई नदी रेलवे ब्रिज के पास दो युवक किसी बड़ी वारदात की फिराक में हथियार के साथ मौजूद हैं। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी बैजनाथ कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दोनों युवकों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उनके पास से दो स्वचालित पिस्टल (7.65 मिमी), तीन जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया। डीएसपी ने बताया अभियुक्त अभिषेक सिंह का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर पहले से ही विभिन्न धाराओं व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। फिलहाल गिरफ्तार दोनो अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गहन जांच की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी बैजनाथ कुमार के अलावा मुकेश कुमार साव, कृष्णा कुमार यादव, गोपाल कुमार, हवलदार बासुदेव महतो और आरक्षी गोधन राम शामिल रहे।

### प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री ने दी बधाई



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पहल पर जीएसटी सुधार में ऐतिहासिक निर्णय के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित अग्रवाल ने बधाई दी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिला में जीएसटी सुधार की दिशा में संकेत दिये थे। उसके बाद नयी दिल्ली में हुई बैठक में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। यह कदम न केवल आम उपभोक्ताओं का बोझ कम करेगा बल्कि किसानों और छोटे उद्यमियों को भी बड़ी राहत देगा। अमित अग्रवाल ने कहा हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस दूरदर्शी निर्णय के लिए हार्दिक धन्यवाद और आभार प्रकट करते हैं। यह निर्णय आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

### चाकुलिया के पुराना बाजार सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के पंडाल निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** चाकुलिया के पुराना बाजार सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी के पूजा पंडाल का निर्माण कार्य का शुक्रवार को विधायक समीर मोहंती ने भूमि सह खूंटा पूजन के साथ शुरू हुआ। हर वर्ष पुराना बाजार सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी द्वारा चाकुलिया पुराना बाजार में भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी तपन डेकोरेटर्स पश्चिम बंगाल के कारीगर द्वारा लगभग 50 फीट ऊंचा आकर्षक पंडाल बनाया जायेगा। साथ ही भव्य आलोक सज्जा से चाकुलिया पुराना बाजार को सुसज्जित किया जायेगा। इस अवसर पर कमिटी के सचिव अरिंदम दे, उपाध्यक्ष गौतम दास, पतित दास, बापी नंदी, बापी मल्लिक, संजय दास, अपु दे, तपु दे, तपन कर, राजू मल्लिक, झापू मल्लिक, तारक मल्लिक, श्रीधर मल्लिक, देवाशीष दास, गणेश दत्त समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टेल्को कंपनी में स्थायी नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये की ठगी का एक मामला प्रकाश में आया है। नामदा बस्ती के निवासी गोपाल कृष्ण सिंह ने गोलमुरी थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। भुक्तभोगी के अनुसार बीते 1 जनवरी 2023 से 1 जनवरी 2025 के बीच किस्तों में उनसे कुल 20 लाख रुपये टेल्को गुलमोहर स्कूल के पीछे क्रॉस रोड नंबर 4 के निवासी जगदंबा सिंह और उनकी पत्नी वंदना देवी की दिये थे। उन्होंने टेल्को कंपनी में स्थायी नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। तय समय बीतने के बाद भी न नौकरी मिली और न ही रुपये लौटाए गये। गोपाल कृष्ण सिंह ने बताया नौकरी दिलाने के नाम पर दो साल तक किस्तों में बड़ी रकम जमा कराने के बावजूद उन्हें धोखा दिया गया। रुपये की वापसी की मांग करने पर भी आरोपी दंपति ने पैसा नहीं लौटाया।फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## रंका में अंजुमन इतेहादुल मुस्लिमीन कमेटी ने निकाला भव्य जुलूस



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित मस्जिद से ईद-मिलादुन्नबी के अवसर पर अंजुमन इतेहादुल मुस्लिमीन कमेटी ने भव्य जुलूस निकाला। इस मौके पर अंजुमन कमेटी के सदर शोएब खलिफा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन पाठक, प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, कार्तिक पांडेय, डॉ इकरामुद्दीन, मो अलिम, मुमताज रंगसाज , किशोर कुमार ओझा, रामबाबू ठाकुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह सहित काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।

## कांडी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मना



**कांडी (आजाद सिपाही)।** पूरे प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुओं का सम्मान में शिक्षक दिवस मनाया। इस दौरान डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी से प्रेरणा ली। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार डॉ राधाकृष्णन ने एक शिक्षक से लेकर देश के राष्ट्रपति तक का सफर तय किया। मझिगावां पंचायत स्थित गुरुकुल कोचिंग सेंटर तथा कांडी स्थित अल्फा कम्प्यूटर एंड वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में भी शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। अल्फा कम्प्यूटर सेंटर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अशफाक आलम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप कुमार और शिक्षक उदय राम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का भव्य स्वागत किया तथा पुष्पगुच्छ भेंट किये। इसके उपरांत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। मौके पर सेंटर द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र और राधा-कृष्ण की तस्वीर भेंट की गयी। कार्यक्रम के दौरान कम्प्यूटर प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 25 छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसमें अंजली कुमारी, सोनाली कुमारी, कृतिका कुमारी, चंचला कुमारी, शाहीन प्रवीण, जिनन्त प्रवीण, निशा कुमारी सहित अन्य छात्राओं के नाम शामिल हैं। प्रमाण पत्र वितरण के पश्चात छात्राओं ने भाषण एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अशफाक आलम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. राधाकृष्णन एक महान शिक्षक और आदर्श राष्ट्रपति थे, जो छात्रों से गहरा स्नेह रखते थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सेंटर के संचालक विकास चंद्रा, राजेश प्रसाद, रविन्द्र साह, सुमन्त राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शांति और सौहार्द से मनाया ईद-ए-मिलादुन्नबी



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में इस्लामियां कमिटी के तत्वावधान में शुक्रवार को ईद-ए-मिलादुन्नबी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर दुआ-सलाम की। इस्लामियां नौजवान कमिटी सड़की और अहले सुन्नत इस्लामियां कमिटी कांडी के नेतृत्व में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस कांडी मदरसा से प्रारंभ होकर पेट्रोल पंप, कांडी बाजार होते हुए पश्चिम ओर छठ घाट स्थित सूर्य मंदिर तक गया और फिर मुख्य सड़क होते हुए थाना मोड़ पर पहुंचा। जुलूस वापसी के बाद मदरसा प्रांगण में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की गयी। बताया जाता है कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म 570 ईस्वी पूर्व में हुआ था। तभी से मिलादुन्नबी के अवसर पर उन्हें याद कर यह पर्व मनाया जाता है। मौके पर सड़की सदर बाबू खान, उप सदर इमामुद्दीन खान, सदर आलम खान, व्यवस्थापक समीर खान, वाहिद खान, अमीर खान, तौसीफ खान, मंसूर खान, जावेद अली, इमाम हाफिज, अब्दुल माजीद खान, मौलाना अवैद रजा, कारी गुलाम नबी अंसारी, सदर इकबाल खलीफा, पाले खान, नसीम खान, हातिम खलीफा, हाजी आबिद हुसैन, समीम खलीफा सहित नौजवान हुसैन कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर पर किया माल्यार्पण



**सगमा/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड क्षेत्र के बीरबल गांव स्थित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और केक काटकर की गयी। छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उपहार भेंट किये और उनके सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक महताब आलम ने डॉ राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने एक साधारण शिक्षक से लेकर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति तक का सफर तय किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है और शिक्षक दिवस उनके सम्मान में ही मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने नृत्य, कविता पाठ, भाषण और शिक्षकों के लिए विशेष प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। शिक्षक भी इस दिन को पाकर गौरवांवित महसूस कर रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, जिनमें योगेंद्र कुमार यादव, राम विनय यादव, सुनील कुमार, विकास ठाकुर, अखिलेश यादव, मनीष कुमार, जय कुमार सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक भोजन के साथ हुआ। विद्यालय परिसर में पूरे दिन उत्सव का माहौल बना रहा।

### एसडीएम ने अवैध शराब को लेकर माझिआंव में की छापेमारी

# दो भट्ठियां ध्वस्त, 20 क्विंटल अर्ध निर्मित शराब विनष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार को मझिआंव थाना अंतर्गत रामपुर गांव में औचक छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण के एक बड़े अड्डे को नेस्तनाबूद कर दिया गया। यहां हर महीने टनों की मात्रा में अवैध शराब निर्माण के प्रमाण मिले हैं। एसडीएम को विभिन्न स्रोतों से मझिआंव क्षेत्र में अवैध शराब के बड़े स्तर पर कारोबार की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थीं। बीते बुधवार को कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम के दौरान भी कई समाज सेवकों ने अवैध शराब निर्माण को लेकर चिंता जतायी थी, उनका कहना था कि त्योहारों के दौर में नशाखोरी त्यौहार के रंग में भंग डाल देती है। इसलिए यदि नशाखोरों पर अंकुश लगाना है तो अवैध शराब के अड्डे पूरे अनुमंडल क्षेत्र से नष्ट करने होंगे।



**अवैध शराब कारोबारी फरार, बस्ती में सन्नाटा**

एसडीएम ने बताया कि चूंकि काफी दूर तक कच्चे रास्ते से होकर वहां जाना पड़ा, इसलिए गाड़ी काफी दूर खड़ी करनी पड़ी। फल स्वरुप संभवतः भनक लगते ही अवैध शराब निर्माण कारोबारी पहले ही भाग खड़े हुए। छापेमारी देखकर बस्ती टोला के लोग भी अपने अपने घरों में चले गए, इसलिए शराब कारोबारियों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिली। किंतु कुछ निकट गांव के बुजुर्ग लोगों से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार उक्त अवैध भट्ठियां किसी ओमप्रकाश, अखिलेश तथा रामजीवन के द्वारा संयुक्त रूप से चलायी जा रही हैं। इस संदर्भ में जांचोपरांत उपरोक्त तीनों पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु उत्पाद अधीक्षक को मौके से ही एसडीएम के द्वारा बोला गया है।

शुक्रवार को संजय कुमार ने अपने निजी सुरक्षा कर्मियों की मदद से मझिआंव मेराल रोड स्थित रामपुर गांव की पहाड़ी तलहटी में अवैध महुआ शराब निर्माण के एक बड़े अड्डे को ध्वस्त कर दिया।

**मौके पर बनती मिली शराब :** सर्च अभियान के दौरान झाड़ियों के बीच से धुआं उठता देख जैसे ही वहां जाकर देखा गया तो जलती हुई भट्ठी में शराब बनती हुई मिली। निर्मित शराब को कंटेनर सहित नाले में फेंक दिया गया। वहीं 10 बडे. ड्रमों में लगभग 20 कुंतल अर्ध निर्मित शराब तथा दो खाली ड्रम मिले। इस अर्धप्रसंस्करित शराब को मौके पर ही मिट्टी और कीचड़ के बीच बहा दिया गया। इतनी बड़ी मात्रा में अर्ध निर्मित शराब बहाने से ऐसा लग रहा था मानो वहां शराब की छोटी नदी बह रही हो। बहा देने के बाद सभी खाली हो चुके ड्रमों को सामूहिक रूप से इकट्ठा कर मौके पर जल रही भट्ठी में ही जला दिया गया।

**थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी होगी तय :** अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में दिनदहाड़े अवैध शराब का निर्माण होते पाया जाना, वह भी खुलेआम बस्ती में संचालित होना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। भविष्य में यदि इस प्रकार के अवैध शराब के बड़े अड्डे खुल्लम खुल्ला कहीं मिलते हैं तो उत्पाद विभाग के साथ-साथ संबंधित थाना प्रभारियों की भी जिम्मेदारी तय करते हुए जिले और राज्य के वरीय पदाधिकारियों को प्रतिवेदित किया जायेगा।

संजय कुमार ने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास इस प्रकार के अवैध शराब के अड्डे या अन्य नशीली वस्तुओं जैसे गांजा, चरस, हीरोइन आदि के अड्डों की जानकारी हो तो वे स्थानीय पुलिस, उत्पाद विभाग, नारकोटिक्स या स्वयं उन्हें (एसडीएम) को दें। जानकारी देने वालों का नाम पता गोपनीय रखा जायेगा।

## बीडीएसयू में एमडीएस परीक्षा का परिणाम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 5 सितंबर 2025 दिन शुक्रवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में एमडीएस फर्स्ट इयर के विभिन्न सत्र 2020-23, 2021-24, 2022-25 एवं 2023-26 के परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया । यह परीक्षा जुलाई 2025 में आयोजित की गयी थीं। इस परीक्षा मे शत प्रतिशत परीक्षार्थी पास हो गये हैं। इस परीक्षा फल के प्रकाशित होने पर वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य प्रो (डॉ) बसावा राज कल्लाली ने के छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम की घोषणा के अवसर पर कहा कि मुझे यह जानकर बेहद खुशी हो रही है कि विश्वविद्यालय हमारे कॉलेज के स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए अपने पहले परिणाम घोषित करने के लिए तैयार है। मैं अपने प्रिय छात्रों की सफलता की सुंदर भविष्य की कामना करता हूं। हमारे सभी छात्र एवं छात्राएं मानवता की सेवा और अपने राष्ट्र की सेवा के लिए आज, कल और हमेशा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।




परीक्षा फल प्रकाशित होने के बाद बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने प्राचार्य प्रो (डॉ) बसावा राज कल्लाली एवं उनके विभाग के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक को अच्छे परीक्षाफल के लिए बधाई दिया है। उन्होने इस मौके पर सभी विद्यार्थियों को उनकी सेवा एवं अनुभव के आधार अपने मरीज का अच्छा से अच्छा इलाज करने के लिए सलाह दिया है। उन्होने यह भी कहा है कि आजकल लोग काफी जागरूक हो गए हैं फिर भी दांत से संबंधित परेशानियां में काफी बढ़ोतरी हुआ है। इस मौके पर इस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एम के सिंह ने भी सभी परीक्षार्थियों को बधाई और एवं भविष्य मे अपने कार्य क्षेत्र में अपना और अपने इस विश्वविद्यालय का नाम रौशन करने के लिए कहा है। उन्होने कहा है है कि आजकल छोटे छोटे बच्चों का खान पान ठीक नहीं होने के कारण बचपन से ही दांत संबंधित परेशानियां बढ़ी है, जो कि आज से 40-50 साल पहले इतना नहीं था। उन्होने यह भी संदेश देने का काम किया है कि आप सभी उतीर्ण छात्र एवं छात्राएं भविष्य में अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास करेंगे ताकि दांत से संबंधित परेशानियों से बचा जा सके।

## डंडई पुलिस ने यूरिया खाद से भरा पिकअप पकड़ा

**डंडई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोनेहरा गाँव में गुरुवार देर रात ग्रामीणों की सतर्कता से पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। ग्रामीणों की सूचना पर डंडई थाना पुलिस ने यूरिया खाद से भरा एक पिकअप वाहन जब्त कर लिया। हालाँकि, वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस को चकमा देने में सफल रहा और मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात ग्रामीणों ने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को गांव की ओर आते देखा। उन्हें शक हुआ कि इसमें अवैध रूप से यूरिया खाद लाया जा रहा है। तत्पश्चात ग्रामीणों ने देर रात ही डंडई थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस दल-बल के साथ पहुंची गयी। पुलिस को देखते ही वाहन चालक घबरा गया और गाड़ी को तेज रफ्तार से भगाने लगा। पुलिस ने भी पीछा किया। इस दौरान चालक ने जानबूझकर स्पीड और बढ़ा दी, लेकिन रमना प्रखंड के बुलका गांव के पास गाड़ी एक गचकी में बुरी तरह फंस गयी।

## शिक्षक दिवस पर आरकेवीएस कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरकेवीएस महाविद्यालय गढ़वा में 5 सितंबर को भारत के महान दार्शनिक, विद्वान एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन का कार्य महाविद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद् श्री अलखनाथ पाण्डेय, अतिथि के रूप में उपस्थित महावीर प्रसाद धनंजय सिंह, तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय सहित सभी शिक्षकगणों ने संयुक्त रूप से किया।



इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। साथ ही सभी अतिथियों और शिक्षकगणों का अभिनंदन करते हुए उनसे केक कटवाया गया तथा सभी को सम्मानित किया गया। इस दौरान पूरे महाविद्यालय का वातावरण उत्साह और उल्लास से गूंज उठा।

महाविद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने अपने संबोधन में शिक्षकों की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं। आज के समय में एक शिक्षक का यह दायित्व है कि वह केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि संस्कार भी विद्यार्थियों को दे। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूर्ण होता है जब बच्चों का सर्वांगीण विकास हो।

वरिष्ठ पत्रकार धनंजय सिंह ने भी शिक्षक की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि एक आदर्श शिक्षक में धैर्य, अनुशासन, त्याग और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना होना आवश्यक है। शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की नींव रखते हैं।

कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्वक किया गया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक सतीश तिवारी ने दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं प्राचार्य उपस्थित थे। जिनमें प्रमुख रूप से प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, राजन चौबे, सतीश तिवारी, रितेश जायसवाल, प्रवीण दुब, आनंद मिश्रा, रंजना दुबे, अविनाश मिश्रा, बिना तिवारी सभी शिक्षकगणों के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थी भी इस गरिमामयी समारोह में शामिल हुए।

शिक्षक दिवस का यह आयोजन शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक बना तथा सभी उपस्थित लोगों के लिए अविस्मरणीय क्षण छोड़ गया।

## इंसान की सफलता में शिक्षक का बड़ा योगदान : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर शुक्रवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस के मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं अपने गुरूजनां को शॉल ओढ़ाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही श्री ठाकुर ने अपने गुरूजनां से आशीर्वाद भी लिया।



मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि किसी भी इंसान की सफलता में गुरू का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शिक्षक के बदौलत ही इंसान अपने जीवन में सफलता प्राप्त करता है। उन्हांने कहा कि शिक्षकों के कर्ज को उतारना 10 जन्मों में भी संभव नहीं है। हम सभी को शिक्षकां का हमेशा हृदय से सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले के शिक्षक व छात्र तथा आज के शिक्षक व छात्र में काफी बदलाव आ गया है। हमें बिखरती परंपरा को संभालते हुए गुरू-शिष्य की परंपरा का बेहतर तरीके से पालन करना चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि वे प्रतिवर्ष पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन करते हैं। इस कार्यक्रम का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। वे एक छात्र एवं सच्चे नागरिक के रूप में इस परंपरा का निर्वहन करते हैं। सम्मानित किये गये शिक्षकों में सेवानिवृत प्राचार्य दिनेश प्रसाद सिंह, कमलेश पांडेय, नामधारी कॉलेज के प्राचार्य नीता वर्मा, असर्फी राम, शांति निवास इंटर कॉलेज की प्राचार्य सिस्टर रौशना, सिस्टर करूणा, संत पॉल एकेडमी की प्राचार्य सिस्टर शांति, गोविंद इंटर कॉलेज के प्राचार्य विश्वविजय सिंह, गोपाल राम, प्रेमशीला देवी, सतेंद्र राम, राजकुमार चंद्रा, हेमेंद्र दास, पारस तिवारी, सुधाकर कुमार सिंह, प्रभात कुमार आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष शंभु राम, सचिव शरीफ अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 7 को निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा में फ्रैक्चर केयर के तत्वावधान में डॉ गौरव शुक्ला के द्वारा 7 सितम्बर दिन रविवार को 11 बजे से संतोष मेडिकल हॉल कचहरी रोड गढ़वा में निः शुल्क शिविर का आयोजन किया गया है। संतोष मेडिकल हाल के प्रोपराइटर संतोष दुबे ने बताया कि शिविर का उद्घाटन गढ़वा के क्षेत्रीय विधायक सह सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति सत्येन्द्र नाथ तिवारी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होगा। उन्होंने कहा कि डॉ गौरव शुक्ला हड्डी के मामले में काफी अनुभवी डॉक्टर है जो पुर्व में रिम्स जैसे बड़े अस्पताल में अपनी सेवा दे चुके है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में ऐसे अनुभवी डॉक्टर का आना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। डॉ गौरव शुक्ला 7 सितम्बर से लगातार अपनी सेवा फ्रैक्चर केयर संतोष मेडिकल में देंगे। जिसका लाभ गढ़वा सहीत आसपास के क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। साथ ही उच्च स्तरीय तकनीक के मशीन द्वारा मरीजों का इलाज गढ़वा जैसे जगह में पहली बार संभव होगा।

## देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस उत्साह से मनाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च अस्पताल में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़ी उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर बीएचएमएस के सभी वर्ष के छात्र छात्राओं ने एकत्रित होकर शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान, कॉलेज के प्राचार्य प्रो (डॉ) केशवेन्द्र कुमार तिवारी ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना की और कहा कि वे न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों के चरित्र और व्यक्तित्व को भी आकार देते हैं साथ मे छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही सभी गणमान्य शिक्षकों ने भी शिक्षक दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। छात्रों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उनके मार्गदर्शन में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत हैं।

## सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों ने डॉ राधाकृष्णन के जन्म दिवस को उल्लासपूर्ण मनाया



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सनशाइन पब्लिक स्कूल, कॉमर्शियल कोचिंग सेंटर सहित प्रखंड के सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मौके पर शिक्षक और बच्चों द्वारा केक काटा गया। वहीं बच्चों द्वारा भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने डॉ राधाकृष्णन के बताए हुए मार्ग पर चलकर देश हित में कार्य करने का बच्चों को संकल्प दिलाया। साथ ही छात्रों ने शिक्षकों को विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर सन शाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर इंद्रजीत कुमार ने कहा कि किसी के जीवन में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। एक शिक्षक बच्चे को एक सफल और बेहतर इंसान बनाने में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। वहीं कॉमर्शियल कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर तारकेश्वर प्रसाद ने कहा कि शिक्षक दिवस देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती का प्रतीक है। उन्होंने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जीवन प्रेरणा लेने की पाठ पढ़ाया। मौके पर उदय साह, जयप्रकाश गुप्ता, सत्यम रजक, इशिका सिंह, विद्या कुमारी, रिया चौबे, लवली कुमारी, प्रियंका कुमारी, नेहा, स्वाति, साधना आदि शिक्षक शिक्षिका के आलावे छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## गुरु बिना ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती : प्राचार्य



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सर्वप्रथम मार्च पास्ट के द्वारा प्रबंधन समिति, निदेशक महोदय अनूप सोनी ,सचिव आलोक सोनी, समिति के सदस्य आकाश कुमार,सोनू कुमार एवं धीरज राज, प्रधानाचार्य महोदय एवं शिक्षकगणों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान, दीप प्रज्ज्वलन एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के माल्यार्पण के साथ की गयी। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। बच्चों ने अनेक मनोरंजक स्किट, नृत्य, मिमिकरी इत्यादि प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य श्री बाला भास्कर चंदरुडू ने सभी बच्चों ओ शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। अपने अभिभाषण में निदेशक महोदय ने कहा कि संसार में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। हमें शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि गुरु ही हमें अज्ञानता के अंधकार से निकल कर ज्ञान के प्रकाश में ले जाते हैं। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सभी को बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। बताते चलें कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करता है। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकगण एवं विद्यालय के सभी कर्मचारीगण भी मौजूद थे।

## मोर्चा और प्रबंधन के बीच वार्ता विफल, बंदी आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले नौकरी की मांग को लेकर मैक्लुस्कीगंज पिपरवार रेल फेज वन की 6 सितंबर को घोषित बंदी जारी रहेगा। बंदी की घोषणा के बाद शुक्रवार को अशोक परियोजना प्रबंधन ने हेसालोंग गंझु टोला में रैयतों के साथ वार्ता करने पहुचे। प्रबंधन की ओर से अब तक नौकरी के संबंध में हुई कागजी प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। बताया गया कि अंचल में सकारात्मक आश्वासन मिला है कि जल्द रैयतों को फाइल रांची में भेजा जाएगा।इसलिए प्रबंधन पूरी तत्परता से पहल करने में लगा हुआ है। इसलिए बंदी को स्थगित करते हुए दस दिनों का समय मांगा। जिस पर ग्रामीणों ने समय देने से इंकार करते हुए बंदी करने की बात कही। वहीं महाप्रबंधक संजीव कुमार ने भी फोन से रैयतों से बात कर स्थिति से अवगत कराया कि प्रबंधन पूरी तरह से कार्य करने की दिशा में अग्रसर है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन के द्वारा कई बार आश्वासन दिया गया था कि जल्द नौकरी दी जायेगी, लेकिन आज तक नौकरी नहीं मिला जिससे रैयतों में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन के द्वारा कई बार आश्वासन दिया गया, लेकिन आजतक कोई सकारात्मक पहल नहीं दिखा है, इसलिए, आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि केवल आश्वासन से काम नहीं चलेगी। वार्ता में परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह, एलएंडआर मैनेजर राजीव रंजन, एरिया सुरक्षा अधिकारी हेमचंद्र महतो तथा ग्रामीणों की ओर से रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा, हेमलाल गंझु, कृष्णा भोगता, रमेश कुमार, विनय टोप्पो, सुकर गंझु, सुनील मुंडा, सुरेंद्र गंझु, ताहिर अंसारी, फिरोज खान, रूपन गंझु, मंगरा मुंडा, फुलमनिया देवी, सीता देवंती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सांसद कालीचरण मुंडा से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा से शुक्रवार को सिमडेगा के वन प्रमंडल पदाधिकारी शशांक शेखर ने मुलाकात की। इस दौरान जिले में हाथियों के उत्पात और उससे प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर चर्चा हुई। सांसद के खूंटी कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हाथी पीड़ित परिवारों को तत्काल लाभ उपलब्ध कराया जाए और प्रभावित इलाकों में नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए रेंजर समय-समय पर हाथी से बचाव की सामग्री ग्रामीणों तक पहुंचाएं।

**सांसद ने सिविल सर्जन से ली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी :** सांसद कालीचरण मुंडा अपने दो दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को सिमडेगा पहुंचे। इस दौरान सिविल सर्जन ने सांसद से मुलाकात की। मौके पर कालीचरण मुंडा ने सिविल सर्जन से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। सांसद ने विशेष रूप से एम्बुलेंस की उपलब्धता और उनकी कार्य स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त की। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की तैनाती तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इलाज की सुविधा की स्थिति की भी समीक्षा की। सांसद मुंडा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा आम जनता से सीधे जुड़ी हुई हैं। इसलिए इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि एम्बुलेंस सेवा सुचारू रूप से चले और मरीजों को समय पर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाये।

## बेड़ो में सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के जरिया गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गये। घटना शुक्रवार की रात लगभग साढ़े सात बजे की है। घायलों में रातू हिसरी गांव निवासी बाइक सवा सोमा उरांव और लापुंग ककरिया सरना टोली गांव निवासी जेवियर खलखो शामिल हैं। जिन्हें पाकलमेड़ी के समाजसेवी नंदन महतो ने बेड़ो पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए बेड़ो सीएचसी पहुंचाया, जहां से दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया। बाइक सवार लोग रातू से बेड़ो के तुको अंबाटोली जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो थाना के एएसआइ विमलेश चौधरी बेड़ो सीएचसी पहुंचे।

## बंधु ने पीड़ित परिवार को दिया मदद का आश्वासन

चान्हो। थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा में करंट लगने से मृतक विलास उरांव के परिजनों से शुक्रवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि परिजनों के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने मृतक की बेटियों को कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन के लिए विभाग को निर्देशित किया। ज्ञात हो कि गुरुवार को नहाने के दौरान बिजली के तार की चपेट में आने से विलास की मौके पर मौत हो गयी थी। मौके पर प्रमोद लाल आदि मौजूद थे।

# मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव पर खूंटी में निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** इस्लाम धर्म के आखिरी नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को खूंटी में जश्ने ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जन्नतनगर स्थित मदीना मस्जिद के समीप से निकाले गए जुलूस ए मोहम्मदी का नेतृत्व जन्नतनगर के इमाम मौलाना मुफ्ती अयाज अहमद मजहरी कर रहे थे। जन्नतनगर से शुरू हुआ जुलूस ए मोहम्मदी लियाकत अली लेन, शिवाजी चौक, कर्रा रोड होता हुआ बरपीढ़ा तक पहुंचा। वहां से वापस आजाद रोड, भगत सिंह चौक, मेन रोड, नेताजी चौक होता हुआ वापस जन्नतनगर पहुंचा, जहां दुआ मांगने के बाद जुलूस ए मोहम्मदी का विधिवत समापन हुआ।

जुलूस में शामिल लोग अपने अपने हाथों में धार्मिक ध्वज व अन्य निशान पकड़कर नबी पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के समर्थन में नारेबाजी करते चल रहे थे। इस दौरान पूरा वातावरण रसूल की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर अपने संदेश में मदीना मस्जिद जन्नतनगर के इमाम ने कहा कि हमारे नबी हुजूर पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम इस दुनिया में आज ही के दिन तशरीफ लाए थे। मोहम्मद साहब ने आपसी प्यार, भाईचारा, ईमानदारी, नेक और सच्चा इंसान बनने का पैगाम लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सबसे बड़ी जरूरत नफरत को मिटाकर मोहब्बत और भाईचारा फैलाने की है। उन्होंने बच्चों और युवाओं से शिक्षा हासिल करने, बुराई से दूर रहने और नेक रास्ते पर चलने की अपील की।

### राजनीतिक और सामाजिक प्रतिनिधियों ने की भागीदारी

जुलूस की खासियत यह रही कि इसमें न सिर्फ मुस्लिम समाज के लोग बल्कि अन्य समाज के लोग और राजनीतिक एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी भागीदारी की। झामुमो के केंद्रीय सदस्य एवं जिला सचिव सुशील पाहन, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शंकर सिंह मुंडा, प्रकाश नाग, कांग्रेस नेता सयूम अंसारी समेत अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता जुलूस में शामिल होकर आपसी भाईचारा और एकता का संदेश दिया।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन रहा सतर्क

जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने संभाल रखी थी, जबकि उनके साथ खूंटी इंस्पेक्टर किशुन दास और इंस्पेक्टर जेवियर बाड़ा सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैदी से डटे रहे। विधि व्यवस्था संधारण के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के साथ सशस्त्र बल के जवान जुलूस के साथ-साथ चल रहे थे। साथ ही शहर के सभी चौक चौराहों में अधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।

### तोरपा में भी निकला जुलूस

तोरपा में भी ईद ए मिलाद उन नबी का जुलस हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। अगुवाई तोरपा अक्सा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना शेर मोहम्मद और सदर कलीम खान ने की। जुलूस में अताउर रहमान, नौशाद खान, नासीर अहमद, अख्तर खान, परवेज खान, सब्बीर अंसारी, इम्तियाज खान, हाफिज इजाज, कैंसर खान, शाहिद अहमद, शहजादा हुसैन, मन्नू खान, इमरान खान, अयन अंसारी, दानिश, नवाब, सदाब सहित अन्य शामिल थे।

## खलारी कोयलांचल में निकाला गया ईद मिलादुन्नबी का भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी का पर्व शुक्रवार को खलारी कोयलांचल क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें खलारी जामा मस्जिद, खलारी बाजारटांड़, मायापुर, मुस्तफा नगर, हुटाप, जेहलीटांड़, जी-टाइप और नया बस्ती समेत कई इलाकों के बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। जुलूस बैंक चौक से जेहलीटांड़ होते हुए नया धौड़ा कब्रिस्तान पहुंचा, जहां पूर्वजों की गुनाहों के माफी के लिए दुआ मांगी गई। इसके बाद जुलूस केडी नेहरू स्टेडियम और मुख्य मार्ग से होते हुए खलारी शहीद चौक स्थित टीटू टाइप मैदान में संपन्न हुआ। यहां जामा मस्जिद कमेटी की ओर से विशेष मिलाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर जामा मस्जिद के इमाम नेहाल अख्तर जेयाई ने फातिहा ख्वानी करायी और समस्त उपस्थित लोगों ने दुनिया में अमन-चैन की दुआ की। खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने ईद मिलादुन्नबी की शुभकामना दी। जुलूस-ए-मोहम्मदी में जेहलीटांड़ के हाफिज तनवीर समसी, हुटाप, लपरा, मायापुर, जी-टाइप और बाजारटांड़ समेत विभिन्न मस्जिदों के इमाम शामिल हुए। कार्यक्रम में जामा मस्जिद कमेटी के सदर गुलाम रसूल, सचिव मो. फैयाजुद्दीन सिद्दीकी सहित कलीम रिजवी, तौहीद अंसारी, शमीम अंसारी, खुर्शीद आलम, मो मुस्ताक, डा गुफरान, महताब आलम, सरताज अंसारी, अनीश अंसारी, सुहैल अंसारी, शफीक अंसारी, दानिश अंसारी, सद्दाम हुसैन, सुभान अंसारी, सलीम अंसारी, हलीम अंसारी, मुबारक अंसारी, जाहिद अंसारी और अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## तिरुलडीह और चौड़ा में ईद मिलादुन्नबी पर निकाला गया जुलूस-ए-मुहम्मदी



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिवस) के अवसर पर शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का जश्न अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह, चौड़ा और शीशी गांव से जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया, जिसमें भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। तिरुलडीह थाना की पुलिस के साथ-साथ अतिरिक्त पुलिस बल और दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किए गए थे। तिरुलडीह अंजुमन इस्लामिया कमिटी द्वारा निकाले गए जुलूस का नेतृत्व सेक्रेटरी असगर अली अंसारी ने किया। जुलूस तिरुलडीह रेलवे स्टेशन के समीप मुस्लिम बस्ती से प्रारंभ होकर नूरी मस्जिद होते हुए चौड़ा गांव तक पहुंचा, जहां चौड़ा गांव से आए जुलूस के साथ मिलकर पुनः नूरी मस्जिद में समाप्त हुआ। इस दौरान तिरुलडीह और चौड़ा गांव में जगह-जगह लंगर का भी लगाया गया था। इस जुलूस की एक खूबसूरती यह रही कि इसमें इस्लामी झंडों के साथ-साथ तिरंगा झंडा भी लहराया गया। यह नजारा गंगा-जमनी तहजीब की मिसाल पेश करता रहा। भीड़ में हर कोई अमन, मोहब्बत और भाईचारे के पैगाम को महसूस कर रहा था। जुलूस के दौरान लोगों ने हुजूर की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा, हिंदुस्तान जिंदाबाद और इस्लाम जिंदाबाद जैसे नारों से माहौल को गूंजा दिया। साथ ही मुल्क की तरक्की और देश में अमन-चैन की दुआ भी मांगी गयी।

## पिपरवार में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया जश्न ए ईद मिलादुन्नबी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको में शुक्रवार को जश्न ए ईद मिलादुन्नबी का त्योहार हर्षोल्लास व धुमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बचरा, राय, न्यू मंगरदाहा, कल्याणपुर में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलुस ए मोहम्मदी निकाला गया। नूरी मस्जिद कल्याणपुर से सुबह 7 बजे से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया जो बहेरा चौक तक गया। मौके पर कल्याणपुर अंजुमन के सदर इदरीस अंसारी, सेक्रेट्री नईम अंसारी, हाफिज मकसुद आलम जामई, युसूफ अंसारी, अब्दुल अंसारी, क्युम अंसारी,लियाकत अंसारी, शकील अंसारी, जमीर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, शमसुद्दीन अंसारी, बसारत अंसारी, डॉ खालीद,गुलाम रब्बानी, जावेद हुसैन, मो असलम, मुख्तार अंसारी, इनामुल हक, जिब्राईल अंसारी, आजाद अंसारी सहित छोटे छोटे बच्चे शामिल थे।

## बुंडू अली कॉलोनी एदेलहातू का जुलूस निकला



**बूंडू (आजाद सिपाही)** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी कमेटी बुंडू अली कॉलोनी एदेलहातु की ओर से बुंडू में जुलूस निकाला गया।जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए। जुलूस में लोगों ने तिरंगा एवं इस्लामिक झंडा के साथ शामिल हुए, यह जुलूस बुंडू नगर के ब्लॉक मोड से शुभारंभ होकर ब्लॉक रोड बुंडू के मेंन रोड सुभाष चौक, काली मंदिर चौक होते हुए मस्जिद मोहल्ला के सामने कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां तमाड़ विधायक को पगड़ी पहनाकर कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत मौलाना के माध्यम से पेश करते हुए हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के तारीख के पैदाइश की मुबारकबाद दी। मौलाना ने कहा कि हम सभी को पैगंबर साहब के बताए रास्ते पर नेक दिल से चलना है ऐसा हम लोग संकल्प लें। मौके पर प्रिंसिपल अली अल अराफात, अब्बू शाहिद अंसारी, सदर मोहम्मद रयूब, जमील अंसारी, अबू अब्बास अली, मोहम्मद उतावल, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद मोईन, मोहम्मद विदेशी मियां सहित अन्य मौजूद हुए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# पूरे पांच परगना क्षेत्र के लाइन होटलों और गांवों में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू/तमाड़/सोनाहातू।** पूरे पांच परगना क्षेत्र के लाईन होटलों और गांवों में अवैध शराब की बिक्री इन दिनों बड़े पैमाने पर हो रही है। रांची-टाटा रोड, तमाड़ और खुंटी रोड के क्षेत्रों में होटलों में खुलेआम शराब बेची और पिलाई जा रही है। यहां के ट्रक चालक, छोटी माल वाहक गाड़ियों के चालक और युवा टीनएजर्स तक महुआ और अंग्रेजी शराब का सेवन कर रहे हैं। शराब के नशे में युवाओं और ट्रक चालकों की बाइक और वाहन चलाने की रफ्तार बहुत तेज हो जाती है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और अनेक लोग का जीवन खतरे में पड़ जाते हैं।

आबकारी विभाग इस विपरीत स्थिति में छापेमारी नहीं कर रहा है, जबकि स्थानीय पुलिस भी इस मुद्दे पर मूकदर्शक बनी हुई है। होटल मालिक इस अवैध कारोबार से अच्छी-खासी आमदनी कमा रहे हैं, परन्तु वे जान-बूझ कर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। छोटे-छोटे राशन की दुकानों पर भी ऊंची कीमतों पर अंग्रेजी शराब बेची जाती है और यह धंधा बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है। बाजारों में भी खुलेआम पीने और बेचने की शिकायतें मिल रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल कदम उठाने और अवैध शराब बिक्री पर कड़ी रोक लगाने की मांग की है। यह समस्या आज क्षेत्रवासियों के लिए न केवल सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर चुनौती बन चुकी है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### जिला परिषद सदस्य सुभाषिणी देवी ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह गांव में आंगनबाड़ी केंद्र 2 का शिलान्यास शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य सुभाषिनी देवी ने फीता काटकर व शिलापट्ट अनावरण कर किया। जिला परिषद मद से करीब 8 लाख की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र का विधिवत शिलान्यास किया। वहीं जिप सदस्य सुभाषीनी देवी ने कहा कि जिला परिषद मद से नावाडीह 2 आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण करीब 8 लाख की लागत से किया जाएगा। उन्होंने अभिकर्ता से गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने व समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र का भवन नहीं रहने से बच्चों को सेविका के घर में पढ़ाना पड़ता था। भवन निर्माण होने से बच्चों का पढ़ाई के साथ ही बच्चों को खेलने एवं पोषण संबंधी गतिविधियां संचालित करने में सहुलियत होगी। मौके पर मुखिया बिपिन सिंह मुंडा, नयन सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान बुधु उरांव, नारायण मंडल, गुनोधर मांझी, सीमा देवी, कीष्टोमनी मुंडा आदि उपस्थित थे।

### गहनों की सफाई के नाम पर ठगी की



बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत बुंडू के मांझी टोली में एक महिला से शुक्रवार सुबह गहनों की सफाई के नाम पर ठगी किया गया। पीड़िता अनिमा देवी पति झ्र ज्ञानेश मांझी, उम्र 37 वर्ष ने बुंडू थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि सुबह लगभग 11 बजे दो अज्ञात व्यक्ति घर पहुंचे और खुद को उजाला कंपनी का प्रचारक बताते हुए दरवाजा खुलवाया। उन्होंने पहले घर के बर्तनों को साफ करने का झांसा दिया और फिर सोने की अंगूठी, चेन और लॉकेट सफाई के नाम पर अपने कब्जे में ले लिया। गहनों को पैकेट में बंद कर महिला को यह कह कर सौंप दिया कि इसे दस मिनट बाद खोलना। कुछ ही देर बाद जब महिला ने पैकेट खोला, तो उसमें सोने के गहनों की जगह दो टुकड़े कोयले के मिले, तब तक दोनों ठग मौके से फरार हो चुके थे। पीड़िता ने बताया कि ठगों ने उसके 14 ग्राम की सोने की चेन, 5 ग्राम का लॉकेट और 5 ग्राम की सोने की अंगूठी लेकर करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के गहने चुरा लिये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भादर सह करम मिलन समारोह कल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। जेएलकेएम के तत्वावधान में आगामी रविवार सात सितंबर को मारधान मैदान तमाड़ पूर्वी में भादर सह करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जेएलकेएम महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस मौके पर मुख्य अतिथि जयराम महतो होंगे जो डुमरी के विधायक सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष हैं। कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकार पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

### खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित : विधायक



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा प्रखंड के किंशु टोली में खेल समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पुरुष-महिला हॉकी सह फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया मौजूद थे। विधायक ने खिलाड़ियों की हौसला ऑफ्जाई करते हुए कहा कि राज्य की हेमंत सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल से आपसी भाईचारा और अनुशासन की भावना बढ़ती है। ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। समापन समारोह में जिला परिषद सदस्य सह झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शुशांति कोंनगाड़ी, मुखिया शिशिर टोपनो, प्रदीप केशरी, चंदन ठाकुर, अनुज गुड़िया सहित काफी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर पर मारपीट करने का मामला दर्ज

खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा थाना क्षेत्र के हरिजन टोली निवासी जवहर नायक ने सेवनिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर वसिल सिलवेस्टर डाहंगा के खिलाफ मारपीट करने और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार करने का मामला दर्ज कराया है। तोरपा थाना प्रभारी को शुक्रवार को दिये गये आवेदन में जवाहर नायक ने कहा है कि वह अपने घर कें पास बैठा था। उसी दौरान सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर बसिल सिलवेस्टर डाहंगा वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए लाठी से सिर पर प्रहार कर दिया। इससे उसे गंीीर चोट लगी। उसके सिर पर आठ टांके लगे हैं।

### केडीएच खदान में हैवी ब्लास्टिंग के कारण घरों के समीप गिरे पत्थर



खलारी (आजाद सिपाही)। केडीएच खदान में द्वितीय पाली में हुई हेवी ब्लास्टिंग होने के कारण काफी पत्थर ग्रामीणों के घर पर और आस पास बैठे लोगों के बगल में गिरा जिसके कारण कई लोग बाल बाल बचे आक्रोशित ग्रामीणों ने बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू, क्षेत्रीय सचिव इरफान खान,तौहीद अंसारी, प्रिंस खान,सरस्वती देवी आदि लोगों ने खदान के काम को बंद करा दिया। जिसके बाद परियोजना पधाधिकारी और केडीएच मैनेजर के द्वारा वार्ता होने के बाद काम को चालू होने दिया ।वही यूनियन ने कहा है की अगली बार अगर ऐसा हुआ तो काम को अनिश्चितकाल के लिए बंद करवा देंगे। जिसकी सारी जवाब देही प्रबंधन की होगी।

## छात्रों के चरित्र निर्माण में गुरुओं की भूमिका अहम : महेश गुप्ता



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे झारखंड गवर्नमेंट टूलरूम में शुक्रवार को शिक्षक दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उद्यमी एचपी बियानी और एडवाइजर राज सेरामिक्स उपस्थित थे। इस अवसर पर एचपी बियानी, टूलरूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता एवं सभी फैकल्टी सदस्यों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, टूलरूम के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। जिन्हें शिक्षकों ने खूब सराहा। प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने शिक्षकों की भूमिका को समाज की रीढ़ बताया। कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि छात्रों के चरित्र निर्माण और नैतिक विकास में भी अहम भूमिका निभाते है। वहीं, एचपी बियानी ने कहा कि आज के बदलते समय में शिक्षकों की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। टूलरूम के फैकल्टी पुर्णेंदु पंकज ने कहा कि एक शिक्षक को केवल विषय विशेषज्ञ ही नहीं, बल्कि एक दार्शनिक दृष्टिकोण वाला भी होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी अनुराधा ने किया। इस मौके पर ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो, कमलकांत, गौरव प्रियदर्शी, राकेश कुमार, कुमार अविनाश, राजेश साहू, पूनम खलखो, लूसी सांगा, कृष्णा कुमार, दिलीप कच्छप और प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो अन्य गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र के बुढ़मू-मांडर मुख्य पथ पर कोटारी पुल के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर कोटारी से आ रहे थे। तभी कोटारी पुल के पास हादसे का शिकार हो गये। मृतक की पहचान विक्रम मुंडा के रूप में हुई है। जबकि घायलों में रोशन मुंडा और कार्तिक गंझू शामिल हैं। सभी ओझासाड़म गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। लोगों की मानें तो घटना में रोशन मुंडा और कार्तिक मुंडा गंभीर रूप से घायल हैं। इसकी सूचना पाकर बुढ़मू पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है। वहीं, घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### बेड़ो में वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवक घायल



बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर जरिया गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम 7.30 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उसकी पहचान रातू के हिसरी गांव निवासी सोमा उरांव (45) और लापुंग ककरिया सरना टोली गांव निवासी जेवियर खलखो (40) के रूप में हुई है। उन्हें पाकलमेड़ी के समाजसेवी नदन महतो ने बेड़ो पुलिस की मदद से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार रातू से बेड़ो तुको अम्बा टोली जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पप्पू होटल के संचालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, फंदे से लटकता शव बरामद, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर यूको बैंक के सामने सीढ़ी वाले कमरे के अंदर पप्पू होटल के संचालक गौतम कुमार राम उर्फ पप्पू (41) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। इसकी सूचना पाकर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गयी। आनन फानन में पुलिस ने सीढ़ी वाले कमरे को सील कर कमरे में आवाजाही पर रोक लगा दी। साथ ही जांच के लिए फॉरेंसिंक टीम एवं सीसीटीवी कैमरे की मदद ले रही है। जानकारी के मुताबिक बेड़ो के गुमला रोड निवासी गौतम कुमार राम उर्फ पप्पू रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर पुराने पोस्ट ऑफिस के समीप किराये का होटल लिये थे। जिसे पप्पू होटल के नाम से संचालित कर रहे थे। प्रतिदिन की ही तरह गौतम ने गुरुवार की शाम को होटल बंद कर घर चले गये। घर से देस शाम सात बजे मिर्चा लेकर निकले, लेकिन फिर रात में घर नहीं लौटे। उनता मोबाइल फोन भी बंद मिला। देर रात तक जब घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। मोबाइल पर संपर्क किया, तो वह भी बंद मिला। इसी बीच शुक्रवार की सुबह से ही गौतम के भाई, दोस्त और स्वजन उसकी खोजबीन करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच अपराह्न तीन बजे मृतक के बड़े भाई एवं अन्य स्वजन यूको बैंक के सामने वाले सीढ़ी वाले कमरे में पहुंचे तो पप्पू का शव फंदे से लटकता मिला। यह देख परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। वहीं, आसपास के दुकानदारों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। खबर बाते ही डीएसपी अशोक कुमार राम, बेड़ो थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, एएसआई अक्षय कुमार सिंह और आशिष रंजन आदि मौके पर पहुंच गये और कमरे को सील करते कर दिया। साथ ही फॉरेंसिंक टीम को जांच के लिए बुला लिया। समाचार लिखे जाने तक टीम मौके पर जांच कर रही थी। वहीं, होटल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच क्क्री जा रही है। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि होटल संचालक का फांसी लगा शव मिला है, जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## करम पर्व चरना पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के ग्राम नवागढ़ टोला नयातु के लाधुप डुंगरी में करम पर्व चरना के अवसर पर पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के ग्रामीण रांची जिला अध्यक्ष बुधराम बेदिया, वनरक्षी कृष्णा महतो, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया उपस्थित थे। इस अवसर पर बुधराम बेदिया ने कहा कि करम पर्व में चरणा उत्सव होता है, जिस आने वाला पीढी को याद दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पूर्व मुखिया संगीता देवी, हरिमती देवी, शिवशंकर बेदिया, सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया, महामंत्री पंचम भोगता, युगल किशोर बेदिया, ज्योतीलाल मुंडा, जगदीश भोगता, सोमरा बेदिया, शिबू बेदिया, दीपेंद्र बेदिया, बिड़ंबर बेदिया, ललकू बेदिया, करमदेव बेदिया, वार्ड सदस्य एतवा बेदिया और सुमन कुमारी आदि उपस्थित थे।

## ओरमांझी माउंट कार्मेल स्कूल में मना शिक्षक दिवस




**ओरमांझी (आजाद सिापही)।** माउंट कार्मेल स्कूल में शुक्रवार को हर्ष के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सेवा से हुई, जिसमें शिक्षकों के लिए प्रभु से आशीर्वाद मांगा गया। इस दौरान देश के द्वितीय राष्ट्रपति, महान शिक्षक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। निदेशक फादर दीपक ने कहा कि शिक्षक ही सच्चे राष्ट्र निर्माता होते हैं। इस विशेष दिन पर हम उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। इस मौके पर प्राचार्य सिस्टर टेसी के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर गुरुजनों को किया गया सम्मानित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार की शाम दुर्गा महादेव मंदिर परिसर में गुरूर ब्रह्म, गुरूर विष्णु, गुरूर देवो महेश्वरः कार्यक्रम का आयोजन कर प्रखंड के गुरुजनों को अंगवस्त्र, मम्मेटो, डायरी और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, शिक्षकों ने सम्मान पाकर भावुक होकर एक स्वर में कहा कि यह सम्मान उनकी ओर से दिये गये अच्छे शिक्षा का प्रतिफल है। वहीं, सम्मानित शिक्षक शिव शंकर लाल गुप्ता, सीताराम लाल गुप्ता, अर्जुन महतो, गोविंद लाल गुप्ता, जितेंद्र सिंह, शिव शंकर साहू, राधेश्याम साहू, रंग बहादुर सिंह और गणेश ठाकुरआदि ने मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, दिलीप मेहता, राजेश गुप्ता, रूपेश साहू. प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता सतीश बड़ाईक, कुंदन साहू, अनीता देवी, पवन साहू, मनोज महतो आदि को आशीर्वाद दिया।

## आरडीएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आरडीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्कूल के निदेशक मनोज कुमार सिंह ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पा अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। कहा कि किसी भी छात्र का पहला शिक्षक उनके माता पिता है। जिन्होंने सबसे पहले उन्हें चलना, बोलना और समझना सिखाया। छात्रों से कहा कि घर से जब भी निकले, माता पिता का चरण स्पर्श कर, झुककर आशीर्वाद लेकर ही निकले। क्योंकि जो झुकता है वही ऊपर चढ़ता है। प्राचार्य कृष्णा कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन खुशबु कुमारी ने किया। इस मौके पर आशा देवी, मनोरमा कुमारी, अर्पिता कुमारी, प्रिन्स कुमार आदि उपस्थित थे।

## बलदेव चिल्ड्रेन एकेडमी में शिक्षक दिवस का आयोजन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** लुपुंग-अनगड़ा स्थित बलदेव चिल्ड्रेन एकेडमी में शुक्रवार को शिक्षक दिवस समारोह आयोजित हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। मौके पर स्कूल के निदेशक शोधार्थी दिनेश कुमार ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन आदर्श एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इसे अपने जीवन में आत्मसात करने को कहा। वहीं, प्राचार्य जयप्रकाश कुमार ने कहा कि शिक्षकों के प्रति आदर, सम्मान को बनाए रखें। ये आपके मार्गदर्शक और भविष्य को गढ़ने वाले हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राजेंद्र चौधरी, जलेश महतो, कर्नोलस ओरेया, शिक्षिका सुजाता कुमारी, शीला महतो, किरण मोनिका एक्का और डेसी रानी कुजुर आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## करंट लगने से छात्र की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मां बाबा आज शिक्षक दिवस है और स्कूल में कार्यक्रम है। इसलिए मुझे स्कूल जल्दी जाना है। तैयार कर दो। उक्त बातें अपने मौत से एक घंटा पहले 11 वर्षीय छात्र चंदर उरांव ने कही। कुछ ही देर बाद खेलते-खेलते केशा गांव के घर के ही पास करंट लगने से उसकी मौत हो गयी। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल से जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुला हाल है।

## जीएसटी में हुए बदलाव से आमजनों को मिलेगी बड़ी राहत : मनोज



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा ग्रामीण रांची जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने जीएसटी में बदलाव कर इसे दो स्लैब में करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव से आमजनों खासकर मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। खाना, दवाईयां और शिक्षा सामग्री पर टैक्स जीरो से पांच प्रतिशत तक रखने से घरेलू खर्च में भी काफी बचत होगी। मनोज चौधरी ने यह भी कहा कि नए सुधारों से स्वदेशी एवं स्वालंबन की भावना को एक नई शक्ति मिलेगी।

# चालक ने की छेड़खानी, चलती ऑटो से कूदी छात्र, गंभीर रूप से हुई घायल

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अनगड़ा-हुंडरूफॉल मुख्य मार्ग पर ऑटो में सवार एक नाबालिग छात्रा से चालक ने बदसलूकी का प्रयास किया। इज्जत बचाने के लिए नाबालिग चलती ऑटो से कूद गयी, जिससे उसे गंभीर चोट लगी है। उसका इलाज शालिनी अस्पताल में कराया गया है। वहीं, ऑटो चालक की पहचान महेशपुर ग्राम निवासी सनवर खान उर्फ गुल्लू के रूप में हुई है। घटना गुरुवार की दोपहर की है। इस संबंध में पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन अनगड़ा थाना प्रभारी को दिया गया है। बताया गया कि छात्रा रांची-मुरी मार्ग में हाहे से ऑटो पर सवार हुई थी। उस वक्त वह ऑटो में अकेली थी। अनगड़ा चौक के समीप एक अन्य महिला ऑटो में सवार हुई। इस बीच छात्रा ने उषा मार्टिन विश्वविद्यालय गेट के समीप ऑटो रोकने को कहा, लेकिन चालक ने ऑटो नहीं रोका। जबकि ऑटो में सवार दूसरी महिला शालिनी अस्पताल के पास उतर गई। चालक ने उसे यहां भी उतरने नहीं दिया। अस्पताल से थोड़ा आगे बढ़ने पर चालक ने गैर जरूरी हरकत करते हुए अपने बायें हाथ से छात्रा का पैर पकड़ लिया। कहा कि तुम्हें कहीं नहीं उतरना है, तुम मेरे साथ हुंडरू फॉल घुमने चलो। ऑटो चालक की गलत नियत को भांप लड़की ने इज्जत बचाने के लिए चलती ऑटो से छलांग लगा दी। बाद में ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए शालिनी अस्पताल पहुंचाया। उधर, अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि मामला काफी गंभीर है। इस बाबत शिकायत मिलते ही आरोपी ऑटो चालक की तलाश शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# हमें अपनी संस्कृति को लेकर विकास में अपना योगदान देना होगा : रामटहल

### आदिवासी कुरमी करम मिलन में जम कर थिरके लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** गोंदलीपोखर महावीर आखड़ा में शुक्रवार को अनगड़ा कुरमी समाज की ओर से आदिवासी कुरमी करम मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों से युवक-युवतियां समूहों में पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हुए। रंगारंग कार्यक्र में भूमि बैंड म्यूजिक ग्रुप के प्रसिद्ध कलाकारों गायक मजबूल खान, इग्नेश कुमार, फुलमनी देवी, केशव केसरिया, अनिता बाड़ा, राजू कर-केट्टा, लिटिल चंदन कुमार ने अपनी अपनी कला की शानदार प्रस्तुती दी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो धीरज, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रणधीर चौधरी, समाजसेवी नीलकंठ चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी और रामपोदो महतो थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल ने किया। इस अवसर पर रामटहल चौधरी ने कहा कि करमा मिलन समारोह आपसी मेलजोल बढ़ाकर अपनी संस्कृति को संरक्षित करने का साधन है। हमें अपनी संस्कृति को लेकर विकास में अपना योगदान देना होगा। संचालन राजेश महतो ने किया। इस मौके पर डॉ रिझू नायक, समाजसेवी शिवलाल महतो, रामनाथ महतो, पंकज कुमार महतो, सतीश महतो, सचिव सुप्रेश महतो, कोषाध्यक्ष बाबुराम महतो, नरेश साहू, विरेंद्र सिंह भोगता, सुनील महतो, रामसाय मुंडा, अजय भोगता, मुखिया सरिता तिर्की आदि उपस्थित थे।

# मेला हमारी संस्कृति और लोगों को जोड़ने की परंपरा : राजेश कच्छप

### भगवान इंद्र की कृपा से जीवन में आनंद और ऊर्जा का होता है सृजन : रामटहल



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** गांगु टोली में करम पूजा के बाद भादो के तृतीया तिथि को भगवान इंद्र को प्रसन्न करने और खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार की कामना के लिए पूजा और मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व उप प्रमुख सह मेला के मुख्य संरक्षक लालू उर्फ जय गोविंद साहू, अध्यक्ष शिव नारायण साहू, भाजपा पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी, मुखिया दीपक बड़ाइक आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि भगवान इंद्र की कृपा हम सभी के जीवन में आनंद और ऊर्जा का सृजन करते हैं। वहीं विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मेला हमारी संस्कृति और लोगों को जोड़ने की परंपरा है। मेला से पूर्व भगवान इंद्र की पूजा कर टॉपर रूपी भगवान इंद्र की आकृति को खड़ी की गई। इस दौरान रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां मिठाई, खिलौना, झूल आदि को लोगों ने आनंद उठाया। इसे कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव नोना पाहन, उप सचिव अर्जुन साहू, कोषाध्यक्ष दशरथ मुंडा, उपाध्यक्ष राजू मुंडा, कपिश्वर मुंडा, सचिन, विक्की, आकाश, राजधानी, राज कुमार मुंडा, पिंट मुंडा, मुन्ना मुंडा, राम देव साहु, पन्ना, राजेश आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी थाना में शिकायत दर्ज



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** झामुमो नगड़ी संयोजक मंडली की ओर से थाना प्रभारी की अनुपस्थित में एसआई वीरेंद्र कुमार मंडल को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें राजू उरांव फेसबुक आईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन पर आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी की गयी है। वहीं, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि ऐसी व्यक्ति को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस मौके पर विनोद तिर्की, राखी देवी, दानियल एक्का, प्रमिला देवी, सुरेश महतो, तस्लीम अंसारी, रेयाजुल अंसारी, नसीम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, लक्ष्मण राम, अफरोज आलम, रंजन हेमरोम, संदीप महली,समीर अंसारी, नौशाद अंसारी आदि शामिल थे।

## करमा पर्व पर व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पतरा टोली गांव में भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने करमा पर्व पर व्रतियों के बीच साड़ी का वितरण किया। कहा कि यह पर्व अपनी संस्कृति की पहचान है। जिसे हमारी माताएं, बहने और बेटियां आगे बढ़ा रही है। जिसे नई पीढ़ी भी ग्रहण कर रही है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, राहुल कुमार, नवीन आनंद नायक, अनीता देवी, अजय नायक और सुनीता कुमारी आदि मौजूद रहे।

## डॉ मयंक मुरारी की पुस्तक 'शून्य की झील में प्रेम' का लोकार्पण आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रदेश के विचारक और लेखक डॉ मयंक मुरारी का काव्य संग्रह 'शून्य की झील में प्रेम' का शनिवार को रांची प्रेस क्लब में लोकार्पण होगा। डॉ मयंक मुरारी की यह तीसरी काव्य संग्रह है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमार ब्रजेंद्र करेंगे। इसके अलावा रश्मि शर्मा, कुमारी उर्वशी और अनामिका प्रिया इस किताब पर अपना विचार रखेगी। बतातें चलें कि डॉ मयंक मुरारी एक विचारक और सक्रिय लेखक है। वह भारत के ज्ञान प्रणाली के आंतरिक मूल्य और अंतर्निहित पहलू पर सोचते है और चिंतन करते है। उन्होंने 30 सालों में अभी तक 20 किताबें और 700 से अधिक रिपोर्ट, भारतीय समाचार पत्र और पत्रिका भी लिख चुके है। वे उषा मार्टिन में महाप्रबंधक सीएसआर और पीआर के रूप में काम कर रहे है, जहां पिछले 15 सालों से गांवों के टिकाऊ विकास के प्रति संकल्पित है।

## द्वारिका हॉस्पिटल में करम मिलन समारोह कल, तैयारी अंमित चरण में

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे के महिलौंग पुरुलिया रोड स्थित द्वारिका अस्पताल परिसर में रविवार को द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में करम मिलन समारोह का आयोजन होगा। जिसकी अंतिम तैयारी चल रही है। अस्पताल के निदेशक सह डॉक्टर एसके निराला ने बताया कि रविवार को करम मिलन समारोह के अवसर पर हॉस्पिटल परिसर में राज्यकर्मी स्वास्थ बीमा योजना जागरूकता अभियान शुरू की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ एंटोनी किस्कू, डॉ रोहित कुमार कुशवाहा, सिस्टर सोनाली खलको, सुषमा महतो, करिश्मा साहू और नजमा परवीन आदि जुटे हैं।

## रातू काठीटांड़ चौक से हटाया गया वैकल्पिक बैरिकेटिंग, राहगीरों और दुकानदारों में हर्ष

**रातू (आजाद सिपाही)।** सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर शुक्रवार की दोपहर काठीटांड चौक की वैकल्पिक बेरीकेटिंग को हटा दिया गया। बतातें चलें कि चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से काफी समय से बैरिकेटिंग हटाने की मांग की जा रही थी। जिसके बाद सीनियर एसपी के निर्देश पर पंदरा यातायात थाना प्रभारी सुनील गोंड़ ने रातू थाने के सहयोग से बैरीकेटिंग को हटा दिया। इससे दुकानदारों में हर्ष का माहौल है। वहीं, राहगीरों ने भी खुशी का इजहार किया है।

## जश्न-ए-ईद मिलाद-उन-नबी पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी



**मांडर/चान्हो (आजाद सिपाही)।** पैगंबर-ए-जहां हजरत मोहम्मद साहब (सअ) के जन्म दिवस के 1500 साल पूरे होने पर शुक्रवार को शांति एवं सौहार्द के साथ ईस्लाम धर्मावलंबियों ने जश्न-ए-ईद मिलाद-उन-नबी के रूप में मनाया। इस अवसर पर मांडर के गोरे से अय्यूब मुख्या के नेतृत्व में जुलूस-ए-मोहम्मदी भी निकाली गयी। जिसका नेतृत्व मसाजिदों के आइमा-ए-कराम, अंजुमन ईस्लामिया कमेटी के सदर, सेक्रेटरी एवं ओहदेदरान के साथ ही साबिक सदर, सेक्रेटरी, विभिन्न पंचायतों के सदर आदि ने किया। हरे रंगों के परचम और खुबसूरत रंग-बिरंगे पताके हाथों में लिये जनसैलाब के रूप में मुस्लिम समुदाय के लोग गौर से कविता होते हुए मुड़मा चौक पहुंचे जहां उनका स्वागत नागड़ा के मुखिया बहादुर उरांव एवं कांग्रेस जिला अल्पसंख्यक के अध्यक्ष शमीम अख्तर ने किया। वहीं, राज्य के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने भी हरी पगड़ी देकर लोगों का अभिवादन एवं स्वागत किया। वही, चान्हो के सोंस में भी जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न रास्तों से होते हुए मुख्य सड़क पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इसका नेतृत्व अंजुमन इस्लामिया के नाइफ सेक्रेटरी समीम राय ने किया। जुलूस का स्वागत विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान ने झंडा देकर किया। इस दौरान जिला सिहत देश में शांति, सौहार्द एवं समृद्धि के लिए दुआओं के साथ जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, शमीम अख्तर, तबारक अंसारी, जहीर खान, रशीद खान और समीम राय आदि उपस्थित थे।

## लापुंग के फटेहपुर में भी निकला जुलूस के मोहम्मदी

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** फतेहपुर में ईद-मिलाद-उन-नबी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन की याद में यह जुलूस निकाला गया, जो फतेहपुर मस्जिद से कब्रिस्तान तक गया, जहां से पुन) मस्जिद पहुंचा। इसमें सदर गुलाम मुस्तफा मियां, मुर्तजा मियां, जसीमुद्दीन मियां, नशीम आलम समाचारों भाई के अलावे हाफिज मेहराब आदि शामिल रहे।

## गुमला में झानद महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की बैठक कल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला जिला इकाई की बैठक 7 सितंबर 2025 को गुमला स्थित कचहरी परिसर में आयोजित की जायेगी। बैठक में महिला सुरक्षा, समाज को खोखला करने वाली नशाखोरी को रोकने, सिर्फ ट्रेनिंग नहीं महिलाओं को रोजगार देने की गारंटी करने, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, महिला सशक्तिकरण के नाम पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा मची लूट पर रोक लगाने, ब्याज रहित 5 साल तक भरने की समय अवधि देते हुए इच्छुक महिलाओं को कम से कम 10 लाख रुपए तक व्यवसाय के लिए पूंजी देने, अनुदान देने, गुमला सहित झारखंड में माइक्रोफाइनेंस कंपनी द्वारा चल रही शुद्खोरी और महाजनी व्यवस्था को झारखंड में अविलंब बंद करने तथा आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, सहिया, रसोईया संयोजिका की मांगों पर विचार कर न्याय देने, गुमला सहित राज्य में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, बलात्कार तथा आत्महत्या की घटनाओं को रोकने तथा संदिग्ध आत्महत्या की न्यायिक जांच करने जैसे महिलाहित की सवालों को लेकर भावी रणनीति जिला स्तरीय बैठक में बनाई जायेगी। बैठक दिन के 11 बजे रखी गयी है जिसमें महिला अगुवा को आमंत्रित किया गया है।

## शिष्य की जगह गुरु के चरणों में है : अनिरुद्ध चौबे



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुरु शिष्य की परंपरा युगों-युगों तक कायम रहेगी। शिष्य का सबसे उचित स्थान गुरु के चरणों में है। उक्त बातें दिशा सदस्य अनिरुद्ध चौबे ने अपने वायोवृद्ध शिक्षक रामचरित्र साहू से मुलाकात करने के अवसर पर कही। अनिरुद्ध चौबे ने अपने 85 वर्ष के गुरु को अंगवस्त्र देकर उनका आशीर्वाद लेने के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि 5 सितंबर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन, आचार्य द्रोण, आचार्य चाणक्य जैसे महान गुरुओ के लिए समर्पित है। ज्ञात हो कि रामचरित्र साहू को सेवानिवृत्त हुए 25 वर्ष हो गये। अब घर में ही रहते है कभी अंग्रेजी और हिंदी शिक्षक रहे श्री साहू पुराने दिनों की याद में खो जाते है। अधिकतम सहकर्मी गण अब इस दुनिया मे नहीं है। पढ़ने और लिखने के शौकीन सर अब कलम नहीं चला पाते न ही अच्छे से पढ़ा पाते है। इधर कवि लार्ड बुद्धा इंटर कालेज के शिक्षक रहे अनिरुद्ध चौबे को भी शिष्यों द्वारा समानित की किया गया। शिक्षा में अमूल्य योगदान के लिए कालेज के विद्यार्थीयों ने अंगवस्त्र ओर डायरी दिया। इस अवसर पर, पूनम चोबे, शुभाष महतो, प्रीति प्रियंका, खुसी, पवन सिंह स्मृति अनन्ता, अश्वनी आदि उपस्थित थे।

## अंबाटोली में युवक ने लगायी फांसी

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिकरी पंचायत के सिकरी अंबाटोली निवासी 24 वर्षीय सेलेस्टीन खाखा ने आम टाड़ बगीचा मे कटहल पेड़ में प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पत्नी सुदिप्ता खाखा ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पति गुरूवार शाम लगभग 7 बजे घर से निकला मैं खाना बना रही थी। खाना पकने के बाद भी नही आने पर मै खोजने के लिए निकली लेकिन कहीं पता नही चला मै गांव वालो से भी पूछताछ की लेकिन पता नही चला तो घर आकर सो गयी। शुक्रवार सुबह लगभग 7बजे कुछ ग्रामीण शौच के लिए गये हुए थे तो देख कि कटहल के पेड़ मे प्लास्टिक रस्सी के सहारे फांसी लगाया हुआ है तब ग्रामीण हमे जानकारी दिये तो मै दौड़ते हुए गयी तो देखी कि पति फांसी लगाया हुआ है। उन्होने बताया कि पति की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नही थी। घटना की जानकारी होते ही जारी थानेदार आदित्य कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

## ईद मिलादुन्नबी पर निकाला जुलूस



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड क्षेत्र के गोबिंदपुर, कमलपुर, तिगरा, जरडा, परसा और सीकरी गांवों में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाला गया। जुलूस की शुरूआत गोविंदपुर जामा मस्जिद से सलातो सलाम के साथ हुई। इस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हाथों में इस्लामिक झंडा लिए और नारे लगाये नारे तकबीर अल्लाहु अकबर,सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा और यासीन की आमद मरहबा। छोटी बच्चियों ने बुर्का पहनकर नात पेश की। वहीं इमाम निजामुद्दीन कादरी और नौशाद आलम फैजी ने दरूद पाक पेश किया। सुरक्षा की दृष्टि से जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर विकास कुमार की तैनाती की गयी थी। जुलूस गोविंदपुर कब्रिस्तान तक संपन्न हुआ। इस अवसर पर सदर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर जियारुल अंसारी, सचिव जाकिर खान, फरियाद खान, कैश रजा, अबरार खान, महताब खान, तनु खान, फराज खान, फैजान खान, तौसीफ कुरैशी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्राचीन बूढ़ा महादेव मंदिर मार्ग और प्रांगण में युवाओं ने किया पौधरोपण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पोटरो गांव स्थित प्राचीन बूढ़ा महादेव मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग और मंदिर परिसर में शुक्रवार को गांव के युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पीपल, बरगद, नीम, बेल, अशोक, मैगनोलिया फूल, कदम, आम, कटहल, सहित 21 प्रजाति के पौधों का रोपण किया। युवाओं ने कहा कि बाइपास फोरलेन सड़क का निर्माण होने के बाद से मंदिर आने जाने वाला रास्ता बंद हो गया था। जिसके कारण भक्तों को मंदिर आने-जाने में दिक्कत हो रही थी। वही भक्तों, ग्रामीणों, और जनप्रतिनिधियों ने सड़क की समस्या से उपायुक्त गुमला को अवगत कराया था। उसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर सड़क का निर्माण किया गया। फोरलेन सड़क का निर्माण के समय आसपास के सभी पेड़ को काटकर हटा दिया गया था।जिसके बाद छायादार पेड़ न होने के कारण भक्तों एवं राहगीरों को बैठने उठने के लिए दिक्कत हो रही थी। इसी के मद्देनजर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों की सुविधा के लिए मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग और मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया है। इससे श्रद्धालुओं को छाया, फूल, फल तो मिलेगा ही साथ ही पर्यावरण संरक्षण भी होगा। ग्रामीण युवाओं ने कहा कि जल्द ही मंदिर संचालन समिति का विस्तार किया जायेगा। ताकि मंदिर परिसर को और आकर्षक बनाया जा सके। बूढ़ा महादेव मंदिर में विवाह, मुण्डन संस्कार कार्यक्रम सहित वाहन पूजा भी किया जाता है। वृक्षा रोपण करने वाले में संदीप साहु, ओमप्रकाश साहु, शिवपूजन साहु, सोनू साहु, अमरदीप साहु, संदीप कुमार साहु, विकास साहु, सत्यम साहु, लक्ष्मी साहु, आशीष कुमार साहु, फूलचंद साहु, राजपति साहु एवं तमन्य साहु, शामिल थे।

## गुमला में ईद मिलादुन्नबी अकीदत और हर्षोल्लास से मनाया

# जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ा जनसैलाब

मुहम्मद के मोहब्बत व शान में नात और तराने गूंजते रही

बज्मे रब्बानी कमिटी का जुलूस रहा आकर्षण का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला शुक्रवार को पूरी तरह ईद मिलादुन्नबी की रौनक से सराबोर रहा। अल्लाह के अव्वल और आखिरी पैगम्बर, रहमतुल्लिल आलमीन हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स०) के यौमे विलादत पर शहर से लेकर गांव-कस्बों तक अकीदतमंदों ने खुशी और मोहब्बत के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला। जगह-जगह मोहल्लों और टोलों से सजे-धजे कारवां निकले। जिसमें हर उम्र के लोग शामिल हुए।

जुलूस में शामिल होने वाले लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर तरफ 'नारे तकबीर अल्लाहु अकबर' और 'प्यारे रसूल झ सलाम अलैका' की गूंज सुनाई देती रही। बच्चे इस्लामी झंडे और बैनर लिए कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। युवाओं के काफिले नात व सलाम पढ़ते हुए मोहम्मद (स०) की शान में नात गा रहे थे। महिलाएं और बुजुर्ग भी घरों की छतों और खिड़कियों से फूल बरसाकर खुशी जाहिर कर रहे थे। कई जगहों पर इत्र और गुलाब जल छिड़क कर जुलूस का इस्तकबाल किया गया।

जुलूस का सबसे बड़ा आकर्षण बज्मे रब्बानी कमिटी व दावते-इस्लामी के सदस्यों की ओर से प्रस्तुत किये गये नात और शान-ए-नबी का प्रोग्राम रहा। मदहोश कर देने वाले अंदाज में जब 'शान-ए-मुस्तफा' का ज़िक्र हुआ, तो पूरा माहौल झूम उठा। लोग झंडे लहराते हुए मोहम्मद की मोहब्बत का इजहार कर रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम पूरी इंसानियत के लिए रहमत बनकर आयी। आपने अंधकारमय समाज को रोशनी दी, इंसाफ, भाईचारा और मोहब्बत का पैगाम दिया।

इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सचिव मो खुर्शीद आलम, मो मिन्हाज, मो मोख्तार, मौलाना राशिद, मो रिजवान अनवर,जुन्नु रैन, आफताब अंजुम, मो उस्मान, अमीर रब्बानी, रागिब रब्बानी, राजा कुरैशी, मो पप्पू,मो बंटी, मो बबलू, मो खुर्शीद आलम,सय्यद खालिद, अकील रहमान, मो फिरोज आलम सहित कई धर्मगुरु और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पैगम्बर ने दिया अमन और दया का पैगाम

इस मौके पर नप के पूर्व उपाध्यक्ष सह जेएमएम के केंद्रीय नेता कलीम अख्तर ने कहा कि 'हमारे नबी ने फरमाया कि जो अल्लाह पर इमान रखता है। उसे दूसरों पर दया करनी चाहिए। दया और रहमत ही इंसानियत की असल पहचान है। कांग्रेस के प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने भी मौके पर कहा कि पैगम्बर मुहम्मद (स0) ने सामाजिक बुराइयों को मिटाकर एक आदर्श समाज की नींव रखी। उन्होंने अमन और भाईचारे का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि नबी का यही पैगाम है कि पूरी दुनिया मोहब्बत और इंसाफ की राह पर चले।

### नबी करीम ने सच्चाई और इमानदारी का पैगाम दिया

अंजुमन इस्लामिया के सदर मो. मोसाहिद आजमी,सचिव मकसूद आलम, मो लड्डन, मो अफसर आलम,सुल्तान अंसारी, सरवर आलम, मो मेराज आदि ने कहा कि ह्वहमारे प्यारे नबी ने पूरी इंसानियत को सच्चाई और ईमानदारी का पाठ पढ़ाया। उन्होंने हमें सिखाया कि अल्लाह ने हमें बंदगी के लिए पैदा किया है और इंसाफ, मोहब्बत और रहमत के साथ जिंदगी गुजारनी चाहिए। आज हम सबको चाहिए कि हम शीरते मुस्तफा को अपनी जिंदगी में उतारें और कुरान के बताए रास्ते पर चलें।

### सख्त सुरक्षा और बेहतर इंतजाम

जुलूस के शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किये गये थे। थाना प्रभारी महेंद्र करमाली की अगुवाई में पुलिस बल ने चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखी। मुख्य मार्गों, मस्जिदों और मुस्लिम मोहल्लों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए। ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू रखा गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## कुआं में डूबने से अधेड़ की मौत

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के हुटार गांव में नहाने के क्रम में पैर फिसलने से कुआं में डूबने से 56 वर्षीय जीतन रौतिया की मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक व्यक्ति अपने घर के समीप बारी स्थित कुआं में नहाने के लिए गया था। कपड़ा साफ करने के बाद वह बाल्टी से पानी खींच रहा था। तभी पैर फिसलने से वह कुआं में गिर गया इसके बाद वह कुआं से ऊपर आया ही नहीं। वहीं आसपास के लोग दौड़कर कुआँ के पास पहुंचे और घर वालों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीण झागड़ को कुआं में डालें। शरीर में कपड़ा नहीं होने के कारण काफी मशक्कत के बाद शव को झागड़ की सहायता से बाहर निकाला गया। मृतक की दो बेटी है दोनों की शादी हो चुकी है। घटना की सूचना पर जारी थाना के एसआइ किस्टो राम और थॉमस केरकेट्टा गांव पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## छेड़छाड़ से परेशान नाबालिग चलती टेंपो से कूदी, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र में गुरुवार की शाम एक नाबालिग छात्रा के साथ हुए आपराधिक कृत्य ने पूरे इलाके को दहला दिया। घटना में 15 वर्षीय किशोरी ने छेड़छाड़ से परेशान होकर अपनी जान बचाने के लिए चलती टेंपो से कूदकर जान जोखिम में डाल दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। हालांकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपी कानून के शिकंजे में आ गये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता छात्रा रायडीह थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने नानी के घर कर्मा पर्व मनाने गयी थी। गुरुवार की शाम करीब पांच बजे वह पैदल ही अपने घर लौट रही थी। इसी बीच उसी गांव का एक टेंपो चालक वहां पहुंचा और छात्रा को आवाज देकर कहा कि वह भी गांव जा रहा है इसलिए सवारी कर ले। गांव का और जान-पहचान का होने के कारण छात्रा ने संकोच नहीं किया और टेंपो पर सवार हो गयी। कुछ ही दूरी पर चालक ने बहाना बनाकर गाड़ी रोकी और अपने दो अन्य साथियों को भी बुला लिया। जैसे ही टेंपो आगे बढ़ा, चालक और उसके साथी छात्रा से छेड़छाड़ करने लगे। उन्होंने गंदी-गंदी बातें करनी शुरू कर दीं। छात्रा बार-बार टेंपो रोकने की गुहार लगाती रही, लेकिन आरोपी अपनी हरकत से बाज नहीं आये। स्थिति बिगड़ती देख किशोरी को किसी अनहोनी का आभास हुआ और उसने साहसिक निर्णय लेते हुए रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास चलती टेंपो से छलांग लगा दी। चलती गाड़ी से कूदने पर छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसके सिर, चेहरे और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आयी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। रायडीह थाना से दो महिला पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचीं और छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

पीड़िता ने बयान में बताया कि टेंपो चालक उसी के गांव का रहने वाला है और विवाहित है। इसी विश्वास में उसने टेंपो में सवारी की थी। लेकिन उसने और उसके साथियों ने इस विश्वास का घोर दुरुपयोग किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया। रायडीह थाना में पोक्सो एक्ट की विभिन्न धारा के तहत मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। जांच के क्रम में पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में चूड़ामणि नाग साहू, निवासी कोजांग सान्याकोना, थाना सुरसांग, आतिश खेरवार निवासी नवागढ़ पतराटोली, थाना रायडीह और राज राम निवासी नवागढ़ पतराटोली थाना रायडीह तीनो जिला गुमला शामिल है। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह घटना न सिर्फ इलाके को झकझोर गई बल्कि लोगों में भारी आक्रोश भी पैदा कर गयी। वहीं, पुलिस की तत्परता और त्वरित कार्रवाई से लोगों में भरोसा भी जगा है। फिलहाल सदर अस्पताल में किशोरी का इलाज चल रहा है।

## ट्रक से टकरायी बोलेरो, तीन घायल चालक गंभीर

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा की ओर से आ रही बोलेरो गाड़ी शुक्रवार को घाघरा स्थित जगन्नाथ विद्या पेट्रोल पंप के पास हादसे का शिकार हो गयी। बोलेरो में तीन लोग सवार थे जिनमें चालक लोकनाथ भगत, प्रतिमा देवी और सोमारी उरांव सभी नवडिहा करंटोली के निवासी शामिल थे। जानकारी के अनुसार बोलेरो चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। अनियंत्रित होकर उसने सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों यात्री घायल हो गए। इनमें चालक लोकनाथ भगत की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है। प्रतिमा देवी और सोमारी उरांव को भी प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना के बाद ट्रक चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

## बिस्कट्टा नदी टोली बंद घर से चार लाख के गहने और नगद की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना के फसिया पंचायत के बिस्कट्टा नदी टोली गांव में अज्ञात चोरों ने सुषमा देवी पति प्रसाद साहू के बंद घर का बाउंड्री लांघकर चार लाख के आभूषण और 25 हजार नगद की चोरी कर ली है। मामले को लेकर पीड़ित महिला ने शुक्रवार की अपराह्न 3 बजे गुमला थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन के अनुसार महिला 3 सितंबर को घर में ताला लगाकर अपने गांव हंसदोन बघिमा कर्मा पर्व मनाने गयी थी। अगले दिन शाम 5 बजे घर वापस लौटी तो देखी मेन गेट का ताला लगा हुआ है। अंदर जाने पर दरवाजा का ताला टूटा हुआ था किसी अनहोनी की आशंका से अंदर पहुंची तो देखी की अलमारी का लॉक तोड़कर पैसा व आभूषण की चोरी कर ली गयी है। महिला ने बताया चोरों ने सोने का झुमका, चांदी का पायल, चांदी का कटोरा, प्लेट, चम्मच, चैन, बिछिया, गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, लॉकेट और पुराना कीमती चांदी का पांच सिक्का जो 999 और 1800 ई का था। साथ ही लॉकर में रखे करीब 25 हजार नगद की भी चोरी कर ली है। महिला ने चोरी हुए आभूषण की कीमत करीब 4 लाख बताया। वहीं थाना को आवेदन देकर चोरों को पकड़ने और आभूषण और पैसो की बरामदगी की मांग की है। महिला ने बताया कुछ दिन पूर्व बगल के घर से भी जेवरात और नगदी की चोरी हुई थी जिसका सीसीटीवी फुटेज है। जिसमें तीन चोर चोरी कर घर भागते नजर आ रहे हैं। चोरी की घटना में इन्हीं चोरों का हाथ होने की महिला ने संभावना जतायी है।

## रसोइया संयोजिका संघ ने मानदेय भुगतान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की। जबकि संचालन जिला कोषाध्यक्ष हीरा देवी ने किया। बैठक में जिले भर के विभिन्न प्रखंडों से आयी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में संकुल कमेटी का गठन किया जायेगा और जल्द ही व्यापक सम्मेलन आयोजित कर रसोइयों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जायेगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि रसोइया बहनों को लंबे समय से बकाया मानदेय भुगतान नहीं मिला है। जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। बैठक में जिला कमेटी ने यह स्पष्ट फैसला लिया कि यदि दो महीने के अंदर बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया जाता है तो संघ व्यापक आंदोलन की राह अपनायेगा। इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि जिन रसोइयों की उम्र 60 वर्ष पूरी हो गयी है। उनकी जगह उनकी बहू, बेटी या परिवार के किसी अन्य सदस्य को कार्यभार सौंपा जाये।

बैठक में यह भी तय हुआ कि यदि सरकार ने दो महीने के अंदर इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया तो डीएसइ कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जायेगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। संघ की नेताओं ने कहा कि सरकार और प्रशासन लगातार विद्यालय रसोइयों की अनदेखी कर रही है। न तो समय पर मानदेय मिलता है और न ही सेवा सुरक्षा की गारंटी है। मजबूर होकर अब आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है। बैठक में शोभा देवी, एलिस एक्का, जसिंता बरला, कुसमिता, बासमती देवी, बिनाइकी देवी, अनिता उरांव, आशा लकड़ा सहित बड़ी संख्या में रसोइया बहनें मौजूद थीं। सभी ने एक सुर में आंदोलन की रणनीति पर सहमति जतायी और संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में मना शिक्षक दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के छात्रों ने प्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह तथा इलाके के सेवानिवृत शिक्षक ए3आर तिर्की के साथ-साथ आगत अतिथियों का पारंपरिक ढंग से लोटा-पानी से स्वागत करते हुए छात्रावास भवन से कार्यक्रम स्थल तक मांदर-नगाड़ा और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों को बजाते और नाचते हुए पहुंचाया। तत्पश्चात प्राचार्य और अतिथि ने संयुक्त रूप से सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों ने सभी शिक्षकों व अतिथियों को अंगवस्त्र तथा कलम देकर सम्मानित किया। विद्यालय के छात्रों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें छात्रों के अभिनय कौशल की झलक देखने को मिली। छात्र रवि टुडू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सारगर्भित भाषण दिया। छात्र ईश्वर उरांव ने प्राचार्य श्री सिंह का अपने हाथों से बनाया एक स्केच भेंट किया। छात्रों के आग्रह पर सभी शिक्षकों के बीच छोटी-छोटी प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसमें अंतिम रूप से रंजन कुमार पांडेय विजेता घोषित किये गये। उन्हें छात्रों ने विशेष उपहार भेंट किया। प्राचार्य तथा अतिथियों ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## व्यापारियों ने प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा के चांदनी चौक क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को ही अपना निशाना बना डाला। चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे अब चोरों के गुस्से का शिकार हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार शिवा ड्रेसेज के बाहर लगे दो कैमरे चोरों ने तोड़ डाले। इतना ही नहीं, पास ही एक बिजली पोल पर लगे कैमरे को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गयी। हालांकि, उस प्रयास में चोर नाकाम रहे और पोल से गिरते हुए उनका वीडियो भी कैमरे में कैद हो गया। इस घटना के बाद इलाके के व्यापारियों और दुकानदारों में जबरदस्त दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि चांदनी चौक में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से बचाव के लिए व्यापारी वर्ग ने अपनी जेब से पैसे खर्च कर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, लेकिन अब वही कैमरे चोरों के निशाने पर आ गये हैं। व्यापारियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त को बढ़ाया जाए और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाये। उनका कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गये, तो व्यापारी वर्ग को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब उत्तर की ओर से शुक्रवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर हाउसिंग कॉलोनी स्थित धनबाद विकास विद्यालय के सभी शिक्षकों और होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद रोटरी क्लब धनबाद नार्थ के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं, शिक्षा एवं शिक्षक के महत्व के साथ ही उद्देश्य पर आइडी पासवान ने अपने विचार व्यक्त किया। बताया कि शिक्षा से ही खुद को, परिवार एवं समाज की दिशा सुधारा जा सकता है। शिक्षा समाज एवं देश के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। वहीं, डॉ यूएस प्रसाद ने शिक्षित बनने एवं शिक्षा के प्रचार प्रसार पर ध्यान केंद्रित करने की बातें कही। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं लेखन प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य रेशू सिंह ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, जबकि सचिव प्रशांत कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ एसके झा, मुख्य अभियंता अजय रजक, डॉ महेश प्रसाद, डॉ दीपक केशरी और डॉ हर्षित कुमार आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, बच्चों ने मन मोहा



**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस पर शिशु ज्ञान मंदिर स्कूल ने शुक्रवार को मैरेज हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने आकर्षक नृत्य और नाट्य मंचन कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रिलिएंट एकेडमी संस्थान के निदेशक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान संस्थान की तरफ से कार्यक्रम में पहुचें विशिष्ट अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया।

## हिंदी कार्यशाला सह कवि सम्मेलन का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में हिंदी कार्यशाला सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक नीता बा ने किया। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग से महाप्रबंधक मीनम मिश्रा एवं बीके सिंह, जबकि राजभाषा विभाग से उप महाप्रबंधक आलोक कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सहायक महाप्रबंधक शशांक शेखर ने हिन्दी का राष्ट्रभाषा के रूप में महत्व इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य महाप्रबंधक नीता बा ने कहा कि हम सभी को दैनिक कार्यो मे हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए.। इस अवसर पर हिन्दी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगयिता मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कर्मचारियो एवं अधिकारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बोकारो शहर के प्रख्यात कवि डॉ नरेंद्र राय एवं करुणा कालिका ने अपनी काव्य प्रस्तुति से दर्शको को भाव विभोर कर दिया। करुणा कालिका ने श्रृंगार रस की कविताओ से श्रोताओ को गुदगुदाया और झूमने को मजबूर कर दिया तथा डॉ नरेंद्र राय ने अपनी ओजपूर्ण कविताओं से श्रोताओं मे ऊर्जा का संचार किया। वहीं, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की मुख्य महाप्रबंधक नीता बा ने कवियों, महाप्रबंधक मीनम मिश्रा एवं बीके सिंह ने राजभाषा विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में अमित आनंद, प्रीति, एसएन मिश्रा, प्रशांत, तन्मय, रंजीत, एसके भोमिक आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अपर्णा स्कूल के शिक्षक को किया गया सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कुसुम विहार फेस टू स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर इकाई में महान दार्शनिक, शिक्षक और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित होने वाला शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन जिला की प्रेसिडेंट लीना झा, अपर्णा स्कूल की डायरेक्टर सह क्लब की वाइस प्रेसिडेंट रेनू कौशल ने शिक्षिकाओं के उल्लेखनीय योगदान के लिए केक काटकर शुभकामनाएं दी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## सीएसआइआर-नेट परीक्षा में बीबीएमकेयू से भौतिकी विषय में स्वयं स्वर्ण अकेले सफल छात्र



**महुदा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू), धनबाद के छात्र स्वयं स्वर्ण ने जुलाई 2025 में आयोजित प्रतिष्ठित सीएसआईआर-नेट परीक्षा में भौतिकी विषय से सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय और विभाग को गौरवान्वित किया है। वे इस विषय से परीक्षा में सफल होने वाले एकमात्र छात्र हैं। भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ उमामागेश्वरी ने कहा कि स्वयं स्वर्ण की लगन और मेहनत भावी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# कोयलांचल में धूमधाम से मना ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व, सुरक्षा चाक चौबंद



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल धनबाद के निरसा अंतर्गत विभिन्न प्रखंडो, गांवों एवं कस्बे में शुक्रवार को ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं, कुमारधुबी में शिवलीबाड़ी जामा मस्जिद के मौलाना मसूद अख्तर के नेतृत्व में जुलूस निकला, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। सभी के हाथों में इस्लामी झंडा था। क्षेत्र को पताको एवं विभिन्न रंगों के कपड़ो से सजाया गया था। कुमारधुबी ओवरब्रिज को भी पूरी तरह से सजाया गया था। जगह-जगह शिविर लगाकर जुलूस का स्वागत किया गया। वहीं, जिस वाहन पर मौलाना मसूद अख्तर काबिज थे उसे विशेष रूप से सजाया गया था। कुमारधुबी ओवरब्रिज के पास जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने मौलाना के स्वागत को लेकर मंच तैयार किया था। यहां मौलाना मसूद अख्तर एवं अन्य लोगों ने लोगों को संबोधित करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व बनाने की अपील की गयी। मौलाना मसूद अख्तर ने कहा कि हमलोग पैंगबर मुहम्मद सल्लाहु अहले वस्ल्लम का 1500 साला जन्मदिन मना रहे हैं। उनके दिखाये रास्ते पर चलने का प्रण लेते है। वहीं, जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने कहा कि पैगंबर के 1500 साला जन्मदिन सभी मिलजुल कर मनाये और खुशियां बांटे। यह पर्व गरीब असहाय लोगों की मदद करने का पर्व है।

### धूमधाम से मना पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन



**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** हबीबनगर ढ़ेकीपाड़ा मोड़ में शुक्रवार को जश्न-ए-ईद-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। जुलूस में तिरंगा और हरे रंग के झंडे लहराते रहे। इस दौरान शांति और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह शर्बत और मिठाइयों की सबील लगाई। जुलूस के रूट पर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे।

## बोकारो में अकीदत के साथ मना ईद-मिलाद-उन-नबी पर्व



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले में शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व अकीदत के साथ मनाया। इस अवसर पर तकरीर मिलाद, फातिहा, नात-ए-कलाम आदि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही जुलूस भी निकाला गया। सिवनडीह, मखदुमपुर, उकरीद, भर्रा, गौस नगर, अंसारी मोहल्ला सहित सभी मुस्लिम बहुल इलाकों से निकाले गये जुलूस में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं, शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एनएच 32 - तेलगड़िया मोड़ से आइटीआइ मोड़ तक सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक सड़क के बायीं ओर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन वर्जित रखा गया। वहीं, नयामोड़ से उकरीद मोड़ मार्ग- जुलूस के दौरान नया मोड़ से उकरीद मोड़ की ओर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन वर्जित था। जिले भर में इस पर्व को शांति एवं सौहार्द्र पूर्वक मनाने को लेकर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह खुद निगरानी कर रहे थे। वहीं, शहर में एसडीओ चास प्रांजल ढंडा, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता समेत सभी थानों के प्रभारी, जिला पुलिस बल व अतिरिक्त बल के साथ विधि- व्यवस्था बनाए रखने को सक्रियता पूर्वक जुटे रहे।

### चोरों ने एक ही रात में चार घरों को बनाया निशाना

# नगदी-जेवरात के साथ लाखों की संपत्ति चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह/सरिया।** बड़की सरिया नगर क्षेत्र में गुरुवार की रात चोरों ने तांडव मचाते हुए चार घरों को निशाना बनाया। चोरों ने यहां से नगदी और जेवरात सहित करीब साढ़े आठ लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इससे पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार गावं के धनेश्वर मंडल के घर से चोरों ने अलमारी तोड़कर ढाई लाख रुपए नगद, तीन भरी सोना और 20 भरी चांदी चोरी कर ली। वहीं गोबिंद सोनार के घर से 50 हजार रुपए नगदी चोरी कर ली। जबकि संतोष मंडल के घर से दो जोड़ा पायल, दो सोने का लॉकेट और नगदी सहित 50 हजार रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इसके अलावा सहदेव मंडल के घर से भी चोरों ने 50 हजार रुपये नगदी चोरी कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि चोर देर रात गांव में घुसे और पीछे के कमजोर हिस्सों से घर में प्रवेश कर घटना को अंजाम दिया। पीड़ित परिवारों ने बताया कि गाढ़ी कमाई का एक बड़ा हिस्सा चोरी हो गया है, जिससे वे पूरी तरह टूट गए हैं। दूसरी ओर, चोरी की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सभी ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही है। उधर, ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से तुरंत कार्रवाई करते हुए इस चोरी का उद्भेदन करने और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।



बिखरे सामान दिखाती पीड़ित महिला।

### आक्रोशित लोगों ने थाने में डाला डेरा

चोरी की घटना के बाद शुक्रवार को अपराह्न 3.30 बजे गावं के सैकड़ो ग्रामीण सरिया थाना पहुंच गये। यहां पुलिस निरीक्षक अजय कुमार एवं थाना प्रभारी आलोक सिंह से मिलकर चोरों की धरपकड़ करने के लिए दबाव बनाया। वहीं, पूरी जानकारी मिलने के बाद पुलिस निरीक्षक अजय कुमार खुद चोरी हुए स्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने आश्वस्त किया कि खोजी कुत्ते की मदद से चोरों को पकड़ने की कोशिश करेंगे।

# शिक्षक दिवस पर याद किये गये डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के विभिन्न विद्यालयों में देश के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के आदर्शों को याद किया गया। स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ शिक्षको के साथ खुशियां बांटी। साथ ही, उन्हें शुभकामनाएं भी दी। विद्यालयों में अवकाश होने के वाबजूद विद्यार्थियों ने समय निकलकर शिक्षक दिवस को धूमधाम से मनाया। वहीं, माराफारी क्षेत्र अंतर्गत आरएनएल पब्लिक और संत पीटर पब्लिक स्कूल में इस अवसर पर केक काटा गया। बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षकों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को महान दार्शनिक एवं प्रख्यात शिक्षाविद् बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। कहा कि जीवन में शिक्षक का बहुत बड़ा योगदान होता है।

### शिक्षक दिवस पर पीएएस में हुआ समारोह



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शिक्षक दिवस पर दी पेंटीकोस्टल असेंबली स्कूल में भी समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान विभिन्न कार्यकमों का आयोजन किया गया। स्कूल के संस्थापक डॉ डीएन प्रसाद और शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद ने पीएएस परिवार को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की मूल्य-आधारित शिक्षा की परंपरा को रेखांकित किया। प्रशासनिक अधिकारी डेनियल माइकल प्रसाद ने शिक्षकों को विद्यालय की सबसे बड़ी शक्ति बताया। वहीं, प्राचार्य डॉ करुणा प्रसाद ने शिक्षकों की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि वे कक्षा में सीखे मूल्यों को जीवन में आचरण के रूप में अपनाएं। कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों से प्रेरित पीएएस परिवार, शिक्षा को केवल अंकों तक सीमित न मानकर, उसे मानव मूल्यों का संचार करने और गति देनेवाला मानता है।

## सेल और आर्ट ऑफ लिविंग का कार्यबल के समग्र सशक्तिकरण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और आर्ट ऑफ लिविंग ने सेल कार्मिकों के बीच होलिस्टिक वेल-बिंग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौता ज्ञापन को सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह की उपस्थित में, सेल-प्रबंध प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) संजय धर और आर्ट ऑफ लिविंग के व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया (वीवीकेआई) के अध्यक्ष ब्र. प्रज्ञा चैतन्य ने बेंगलुरु के आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में तीन सितंबर को हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इस सहयोग के तहत, सेल के कार्मिक आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा तैयार किए गए संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जो भावनात्मक लचीलापन, सचेतनता, नेतृत्व और व्यक्तिगत सशक्तिकरण पर केंद्रित होंगे। ये पहल सेल की एक प्रेरित, भावनात्मक रूप से सक्रिय और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर जी ने इस अवसर पर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया और आंतरिक सद्भाव-समग्र विकास के अपने दृष्टिकोण से इस साझेदारी को प्रेरित किया।

# जमीन विवाद सुलझाने गयी पुलिस पर हमला, दरोगा की वर्दी फाड़ी, सिर फोड़ा

### आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जूटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता





**बोकारो।** चास मुफस्सिल थाना अंतर्गत काला पत्थर गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद में हुए झगड़े को सुलझाने पहुंची पुलिस पर ही दोनों पक्षों के लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने सब इंस्पेक्टर मकसूद आलम की वर्दी फाड़ दी और उनके सिर पर वार कर घायल कर दिया। उधर, मामले की जानकारी मिलने पर आसपास के थानों से पहुंची पुलिस ने स्थिति को काबू में किया और करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। इस बाबत मीडिया को जानकारी देते हुए चास एसडीपीओ प्रवीण सिंह ने बताया कि काला पत्थर गांव में एक पुराने जमीन विवाद में शर्मा और गोराई पक्ष के बीच अपने-अपने कब्जे को लेकर झगड़ा हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस झगड़े को निपटाने के लिए जब घटनास्थल पर पहुंची तो दोनों पक्ष के लोग पुलिस से ही उलझ गये। सब इंस्पेक्टर मकसूद आलम के साथ बहस करने लगे। इसी क्रम में उन लोगों ने उनके साथ मारपीट करते हुए वर्दी फाड़ दी और सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वे घायल हो गये। मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास थाना क्षेत्र से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंची और आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया। एसडीपीओ ने बताय कि यह विवाद काफी पुराना है। जमीन का टाइटल सूट चल रहा है। बावजूद इसके दोनों पक्ष इस जमीन पर अपना-अपना दावा ठोक रहे थे और जबरन कब्जे का प्रयास कर रहे थे। इसी क्रम में दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। पुलिस इन्हें समझाने गई थी। उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रकरण पर प्राथमिक की दर्ज कर अग्रेत्तर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### मुगमा एरिया के मजदूरों ने महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर दिया धरना, निरसा विधायक हुए शामिल

# मजदूरों की समस्याओं का प्रबंधन ने समाधान नहीं किया, तो मुगमा एरिया करेंगें अचलः अरुप चटर्जी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** अपनी 12 सूत्री मांगों को लेकर मुगमा एरिया के मजदूरों ने बीसीकेयू के बैनर तले शुक्रवार को मुगमा एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर एकदिवासीय धरना दिया। इस दौरान निरसा विधायक अरुप चटर्जी सहित बीसीकेयू के पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि जब से नए महाप्रबंधक ने कार्यभार संभाला है मुगमा एरिया का उत्पादन काम हो गया है। कोयला चोरी चरम पर है। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। मजदूरों को उत्पादन के लिए सही से उपकरण तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। मुगमा एरिया में प्रबंधक की मनमानी के चलते उत्पादन पर बहुत बड़ा असर पड़ा है। इसे लेकर प्रबंधक जल्द से जल्द द्विपक्षीय वार्ता करें। अन्यथा मजदूर पूरे मुगमा एरिया को बंद करने के लिए विवश होंगें।वहीं, विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि जहां मुगमा एरिया का उत्पादन रोजाना 7000 हजार टन हुआ करता था वह आज मात्र 1000 हजार टन पर आकर रुका हुआ है। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रबंधक की नाकामी के चलते एरिया की स्थिति ऐसी हो गई है। प्रबंधक की मिस मैनेजमेंट के चलते चापापुर को छोड़ अन्य सभी कोलियरियों की स्थिति दयनीय है। पाट्र्स, डीजल, कोयला और बाइक चोरी के अलावा मजदूरों की सुरक्षा सभी जगहों पर प्रबंधक निष्क्रिय साबित हो रही है। प्रबंधक अगर हमारी 12 सूत्री मांगों पर वार्ता नहीं करती है तो पूरे मुगमा एरिया को बंद कर दिया जाएगा।





## वर्षो पहले बनकर तैयार यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय अब तक नहीं हो सका संचालित



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** परियाना स्थित यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय की उपेक्षित स्थिति ने एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। करोड़ों रुपये की लागत से बने इस महाविद्यालय का संचालन अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जबकि भवन और दवाइयों की भारी मात्रा वर्षों से अनुपयोगी पड़ी है। शुक्रवार को चांद रशीद खान, सैयद सबिह अशरफ और खुर्शीद अनवर हादी जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर का दौरा किया तो हालात देखकर उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान पाया कि क्लासरूम, ऑफिस और कॉरिडोर धूल और जालों से भरे पड़े हैं। दीवारें जगह-जगह से टूट रही हैं। दवाइयों के कार्टन खुले पड़े सड़ रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता चांद रशीद खान ने कहा ति यह कॉलेज सिर्फ ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि गिरिडीह और झारखंड की भावी पीढ़ी के सपनों का केंद्र है। वर्षों पहले यहां यूनानी पद्यति की चिकित्सा शिक्षा शुरू करने का संकल्प लिया गया था, लेकिन आज तक यह अधूरा पड़ा है। यदि पढ़ाई शुरू होती है तो सैकड़ों छात्र-छात्राओं को बाहर भटकना नहीं पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ता सह रुद्रा फाउंडेशन के सचिव सैयद सबिह अशरफ ने कहा कि यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय का बंद रहना बेहद दुखद है। यदि यह कॉलेज चालू हो जाए तो स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार होगा। वहीं, खुर्शीद अनवर हादी ने कहा कि इस कॉलेज पर जनता की गाढ़ी कमायी के करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं। यदि इसका उपयोग नहीं किया गया तो यह सीधी जनता की संपत्ति की बर्बादी होगी। हमारी मांग है कि सरकार तुरंत फैकल्टी नियुक्त करे, क्लास शुरू करे और हॉस्पिटल की सुविधाएं चालू करे। यदि जल्द पहल नहीं हुई तो हम आंदोलन करने को भी मजबूर होंगे।

# शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट नोटिस

- बिजनेसमैन कोठारी ने केस किया, आरोप-कपल को 60 करोड़ दिये थे, रकम निजी खर्च में लगायी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। एक सीनियर पुलिस ऑफिसर ने बताया कि दोनों ही अक्सर विदेश यात्रा करते हैं, जिसकी वजह से ये कदम उठाया गया है। लुकआउट सर्कुलर का मकसद बिना किसी रुकावट जांच को पूरा करना है।

बिजनेसमैन दीपक कोठारी ने 14 अगस्त को शिल्पा और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (एडह) में मामला दर्ज कराया था। दीपक का कहना है कि 2015 से 2023 के बीच उन्होंने बिजनेस बढ़ाने के लिए कपल को कुल 60.48 करोड़ रुपये दिए, लेकिन यह रकम निजी खर्चों में लगा दी गयी।

**शिल्पा कंपनी की 87% हिस्सेदार थीं :** दीपक कोठारी के मुताबिक उनकी मुलाकात साल 2015 में एजेंट राजेश आर्या के जरिए शिल्पा और कुंद्रा से हुई थी। उस समय दोनों बेस्ट डील टीवी के डायरेक्टर थे और शिल्पा के पास कंपनी के 87% से ज्यादा शेयर थे। एक मीटिंग में तय हुआ कि शिल्पा और राज कुंद्रा की कंपनी को दीपक लोन देंगे। कंपनी के लिए 75 करोड़ रुपये का लोन मांगा था, जिस पर 12% सालाना ब्याज तय हुआ। दीपक कोठारी का आरोप है कि बाद में शिल्पा और राज ने उनसे कहा कि लोन पर टैक्स की परेशानी आ सकती है, इसलिए इसे इन्वेस्टमेंट के रूप में दिखाते हैं और हर महीने रिटर्न देंगे। पहले मामला जुहू पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और जालसाजी के तहत दर्ज हुआ। चूंकि रकम 10 करोड़ से ज्यादा थी, इसलिए जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी गयी है, जो इस केस की जांच कर रही है।

### अप्रैल 2015 में पहली 31.95 करोड़ की पेमेंट हुई

अप्रैल 2015 में कोठारी ने करीब 31.95 करोड़ रुपए की पहली पेमेंट की। टैक्स से जुड़ी परेशानी जारी रहने पर सितंबर में दूसरी डील हुई और जुलाई 2015 से मार्च 2016 के बीच उन्होंने 28.54 करोड़ रुपए और ट्रांसफर किये। कुल मिला कर कोठारी ने 60.48 करोड़ रुपये दिये। साथ ही 3.19 लाख रुपये स्टांप ड्यूटी के रूप में चुकाये। कोठारी का दावा है कि अप्रैल 2016 में शिल्पा ने उन्हें पर्सनल गारंटी भी दी थी, लेकिन उसी साल सितंबर में उन्होंने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद शिल्पा की कंपनी पर 1.28 करोड़ रुपये का कर्ज नहीं चुकाने का मामला सामने आया। कोठारी को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कई बार अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन कोई जवाब और पैसे नहीं मिले।

# खग्रास चंद्र ग्रहण भारत में कल रात 9.58 बजे से शुरू होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आगामी 7 सितंबर भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि रविवार को भारतीय समय अनुसार रात्रि 9:58 मिनट से प्रारंभ होकर रात्रि के 1:26 मिनट तक होने वाला खग्रास चंद्र ग्रहण संपूर्ण भारत से दिखायी देगा।

पंडित रामदेव पांडेय बताते हैं कि 7 सितंबर को दिखने वाला चंद्र ग्रहण एकदम लाल दिखेगा, जिसे ब्लड मून के नाम से भी जाना जाता है। चंद्र ग्रहण कुंभ राशि और शतभिषा नक्षत्र में शुरू होगा और ये चंद्र ग्रहण कुंभ राशि और पूर्वभाद्रपद नक्षत्र में समाप्त होगा।

**सूतक :** खग्रास चंद्रग्रहण का सूतक मध्याह्न में 12:58 से प्रारंभ हो जायेगा और ग्रहण का समय रात्रि 9 बजकर 58 मिनट से 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। सूतक में बाल, वृद्ध, रोगी, आसक्तजनों को छोड़ कर अन्य सभी को भोजन, शयनादि नहीं करना चाहिए। ग्रहण प्रारंभ होने से पूर्व स्नान, मध्य में जप यज्ञ पूजा-पाठ और अंत में दान समाप्त होने पर पुनः स्नान करना चाहिए।




**राशियों पर असर:** इस ग्रहण का बारह राशियों पर भी असर रहेगा। इसमें मेष राशि- स्वास्थ्य हानि चिंता। वृष राशि- मानसिंक क्लेश चिंता। मिथुन राशि- सफलता में सहायक। कर्क राशि- अचानक धन लाभ। सिंह राशि- व्यवसाय में व्यवधान। कन्या राशि- शाररिक कष्ट। तुला राशि- व्यर्थ धन खर्च। वृश्चिक राशि- राजनीतिक पद उन्नति। धनु राशि- यात्रा का अवसर। मकर राशि- परिवारिक विवाद। कुंभ राशि- घनिष्ठ मित्र से छल और मीन राशि- सौख्य समृद्धि कारक रहेगा।

**चंद्र ग्रहण बहुत ही खास :** पंडित रामदेव पांडेय बताते हैं कि इस बार का चंद्र ग्रहण बहुत ही खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन से 15 दिनों के पितृ पक्ष यानी श्राद्ध पक्ष की शुरुआत होने जा रही है। इसलिए, इस दिन अगर पितरों का श्राद्ध या पिंडदान करना हो तो चंद्र ग्रहण का सूतक काल शुरू होने से पहले ही सभी अनुष्ठान पूर्ण कर लें। चंद्र ग्रहण के बाद दूध, अन्न, फल और सफेद चीजों का दान करें। इसके अलावा, ग्रहण के अगले दिन मंदिर जाकर पंडितों को दान दें और दक्षिणा भी दें। इसी दिन से पितृ पक्ष की शुरुआत हो रही है, इसलिए इस दिन अपने पितरों का स्मरण करके गरीबों को दान जरूर करें।

# मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले धमाकों की धमकी

- 400 किलो आरडीएक्स लेकर जा रहे 34 मानव बम
- इस धमकी भरे मैसेज के बाद मुंबई पुलिस हुई अलर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को एक व्हाट्सएप नंबर से मिले धमकी भरे मैसेज ने सभी को अलर्ट मोड में डाल दिया है। मैसेज भेजने वाले ने दावा किया कि 34 वाहनों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स ले जा रहे 34 मानव बम भेजे गये हैं, ताकि विस्फोट किया जा सके जो पूरे शहर को हिला देगा। इस मैसेज में यह दावा किया गया है कि ये लश्कर-ए-जिहादी संगठन भेजा गया है। मैसेज में दावा किया गया है कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुस आये हैं। एक अधिकारी ने कहा, मुंबई पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। खतरे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। यह खबर ऐसे समय में आयी है जब मुंबई पुलिस शहर में अनंत चर्तुदशी और ईद-ए-मिलाद त्योहारों की तैयारियों में जुटी है। वहीं मुंबई पुलिस के अधिकारी ने आगे कहा, हमें अपनी हेल्पलाइन पर अनजान नंबरों से ऐसे धमकी भरे मैसेज मिलते रहते हैं। ज्यादातर ये मैसेज या तो मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों के होते हैं या फिर शराब के नशे में धुत्त लोगों के होते हैं। अधिकारी ने कहा, हालांकि जब भी हमें ऐसा कोई संदेश मिलता है, तो हमें उसे गंभीरता से लेना होता है और ऐसे मामलों के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करना होता है।

# काशी और मथुरा पर बातचीत के लिए तैयार मौलाना मदनी

- मोहन भागवत के सुझाव का समर्थन किया
- पहले कहा था, मथुरा और काशी हिंदू समुदाय को सौंप देने चाहिए

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि मथुरा और काशी हिंदू समुदाय को सौंप देने चाहिए।



मदनी ने भागवत के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि आपसी मतभेद मिटाकर सहभागिता के लिए मुस्लिम समुदाय को साथ आना चाहिए। एक साक्षात्कार में इस्लामिक विद्वान ने कहा कि उनके संगठन ने पहले ही सहभागिता के पक्ष को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि दोनों समुदायों के बीच मतभेद हैं जिन्हें कम करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**हम सभी प्रकार की बातचीत का समर्थन करते हैं:** न्यूज एजेंसी एएनआइ से बात करते हुए मदनी ने कहा, दोनों समुदायों के बीच बहुत सारे मतभेद हैं। मेरे संगठन ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि दोनों समुदायों के बीच बातचीत होनी चाहिए। मतभेद है लेकिन हमें उन्हें कम करने की जरूरत है। हम बातचीत के सभी प्रयासों का समर्थन करेंगे।

# शिक्षक वह दीपक हैं, जो अज्ञान के अंधकार को मिटा कर ज्ञान का उजाला फैलाते हैं : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**धनवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि हम हर साल 5 सितंबर को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। इस खास दिन को हम अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। शिक्षक ही वह दीपक हैं, जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का उजाला फैलाते हैं। वे सिर्फ किताबों का पाठ नहीं पढ़ाते, बल्कि जीवन जीने की सच्ची राह दिखाते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे जीवन की हर सफलता के पीछे किसी न किसी शिक्षक का मार्गदर्शन और आशीर्वाद छिपा होता है। किसी भी छात्र के उज्जवल भविष्य और कामयाबी में जितनी भूमिका माता-पिता की होती है, उससे कही ज्यादा शिक्षकों की होती है। गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरू अपने गोविंद दियो बताय।। भारत देश में गुरु-शिष्य की परंपरा सदियों से चली आ रही है। शिक्षक सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं।



## लालू का मोदी पर तंज

# मोदी जी विक्ट्री चाहिए बिहार से, फैक्ट्री दीजियेगा गुजरात में

**बिहार (आजाद सिपाही)।** बिहार विधानसभा चुनाव के एलान से पहले राज्य का सियासी पारा गर्म है। सत्तारूढ़ दल और विपक्ष एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इसी बीच राजद चीफ लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर सूबे की सियासत को और गर्म कर दिया। राजद चीफ लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए एक पोस्ट लिखा, ए मोदी जी, विक्ट्री चाहिए बिहार से और फैक्ट्री दीजियेगा गुजरात में? ये गुजराती फार्मूला बिहार में नहीं चलेगा।


# शिक्षकों को सीएम योगी का तोहफा

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के मौके पर सीएम योगी ने शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को तोहफा दिया है। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाया जायेगा। प्रदेश में शिक्षकों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। इसमें बेसिक माध्यमिक वित्त विभिन्न अशासकीय विद्यालयों के 9 लाख शिक्षक लाभान्वित होंगे। इसके अलावा शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइयों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। वहीं एक उच्च स्तरीय कमेटी बनायी गयी है, जो शिक्षामित्र और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के बारे में जल्द अपनी संस्तुति देगी, उसी आधार पर सरकार मानदेय की घोषणा करेगी।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**